29- JUN- BSP- PG-1_Layout 1 6/30/2024 12:58 AM Page 1

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 30 जून 2024

तापमान

अधिकतम 27.6 डिग्री

न्यूनतम 26.9 डिग्री



मसानगंज की सड़क पर हुए गड्ढे में ईंट भर दी गई है। जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं।



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

## पूर्व मंत्री स्व.बीआर यादव की जयंती आज

**बिलासपुर।** स्व. बीआर यादव की जयंती के अवसर पर रविवार 30 जून को रावत नाच महोत्सव समिति के सदस्य बृहस्पति बाजार में उनकी भव्य प्रतिमा के पास सुबह 10 बजे उपस्थित होंगे और उनके द्वारा बिलासपुर एवं यादव समाज के लिए किए गए कार्यों को याद करेंगे। इस अवसर पर यादव समाज, जिला कांग्रेस कमेटी एवं रावत नाच महोत्सव समिति के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# बरसात पूर्व स्वीकृत किए गए 20 करोड़ के कार्य, आधे से ज्यादा शुरू ही नहीं हो पाए

### नगर निगम में अधोसंरचना व पन्द्रहवें वित्त मद से स्वीकृत हुए थे ढेर सारे निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बरसात को देखते हुए हाल ही में नगर निगम क्षेत्र में लगभग 20 करोड़ के निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं, ये सब काम अधोसंरचना मद एवं पन्द्रहवें वित्त के हैं, इनमें से आधे से ज्यादा काम चालू नहीं हो पाए हैं। ढेरों कार्यों की अभी टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है, ये कार्य बारिश में नहीं हो पाएंगे और लोगों को परेशानी उठानी पड़ेगी।

अधोसंरचना मद से स्वीकृत सारे कार्य अभी टेंडर प्रक्रिया में हैं। टेंडर एवं वर्क आर्डर के बाद अभी काम शुरू हो पाएगा या नहीं कहना मुश्किल है, क्योंकि बरसात लग चुका है और आगामी दिनों में झमाझम बारिश होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसी तरह पन्द्रहवें आयोग से स्वीकृत अधिकांश निर्माण कार्यों के टेंडर, वर्क आर्डर हो गए हैं, किन्तु पन्द्रहवें वित्त के भी लगभग पचास फीसदी स्वीकृत कार्य अभी तक चालू नहीं हो पाए हैं। इसलिए पन्द्रहवें वित्त के भी काम



बरसात में फंसेंगे। ये सारे कार्य बरसात लगने के ठीक पहले और लोकसभा चुनाव निपटने के पश्चात स्वीकृत किए गए हैं। लोकसभा चुनाव के कारण बीच में तीन माह तक नगर निगम में नए सारे कार्य रूके हुए थे और न ही नए कार्य स्वीकृत हो पाए थे। इसलिए जैसे ही लोकसभा चुनाव निपटा वैसे ही निगम में नए कार्यो के स्वीकृति की झड़ी लग गई। पन्द्रहवें वित्त और अधोसंरचना मद से करीब 20 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति विभिन्न जोन एरिया के लिए दी गई है।

### पन्द्रहवें वित्त से 27 कामों की स्वीकृति

नगर निगम सीमा क्षेत्र में पन्द्रहवें वित्त से 8 करोड़ 90 लाख 84 हजार राशि के 27 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसमें वार्ड 14 गंगानगर में सीसी सड़क, नाली निर्माण, वार्ड 23 रूखमणि विहार में आरसीसी नाली निर्माण, रोहणी विहार आरसीसी नाली निर्माण कार्य, एकता कालोनी में आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड 30 नीलकंठ होटल से कल्वर्ट तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड 46 राम मंदिर से पानी टंकी तक आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड 48 सुंदरनगर से नहर रोड से सड़क व नाली निर्माण, वार्ड 58 मेन रोड शिवम विहार से सीपीडीआई कालोनी तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड 67 लक्ष्मी निवास से मेन रोड तक आरसीसी नाली निर्माण शामिल है।

### अधोसंरचना मद से 23 कार्य स्वीकृत

अधोसंरचना मद से नगर निगम में 9 करोड़ 99 लाख 90 हजार राशि के 23 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इसमें वार्ड 13 में धुरीपारा में स्ट्रीट लाईट, महर्षि स्कूल रोड में स्ट्रीट लाइट, वार्ड 15 मेन रोड में स्ट्रीट लाइट, वार्ड 47 शारदा विहार पहुंच मार्ग से नाला, सीसी रोड निर्माण, वार्ड 47 में नाला, सीसी रोड, वार्ड 51 में ऊर्जा पार्क मुख्य मार्ग से बसंत वितार दयालबंद मुख्य मार्ग स्ट्रीट लाइट, सड़क चौड़करण एवं बीटी कार्य, वार्ड 52 में अपोलो चौक से दयालबंद तक स्ट्रीट लाइट पोल, वार्ड 53 अपोलो चौक से मानषी लॉज तक सड़क चौड़ीकरण एवं बीटी कार्य, वार्ड 54 व 55 में चिंगराजपारा स्कूल से अंजनी विहार बीटी सड़क, स्ट्रीट लाईट, वार्ड 56रामायण चौक से रपटा तक आरसीसी नाली निर्माण एवं बीटी कार्य, वार्ड 64 गैस गोदाम से बिरकोना रोड तक स्ट्रीट लाईट, एसआरएम सेंटर पहुंच मार्ग, वार्ड 66 हनु टेडर्स से माताचौरा से शिवघाट तक बीटी कार्य शामिल है।

### शुरू हो रहे हैं कार्य

नगर निगम में बारिश के पहले अधोसंरचना मद एवं पन्द्रहवें वित्त से जो भी निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं उनमें से अधिकांश कार्य चालू हो गए हैं और जो कार्य चालू नहीं हो पाए थे वे भी शुरू होते जा रहे हैं।

**- राजकुमार मिश्रा,** अधीक्षण अभियंता, नगर निगम





### यलो अलर्ट जारी

मौसम वैज्ञानिक राहुल यादव ने बताया कि प्रदेश के कई शहर और जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। आशंका है कि 3 जुलाई तक बारिश होती रहेगी। मानसून सक्रिय है और इस दौरान 3 से अधिक द्रोणिका छत्तीसगढ़ के आसपास सक्रिय है, जिससे निम्न दाब का केन्द्र बन चुका है।

3 जुलाई तक तेज बारिश का अलर्ट

# प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने वाले युवक को 15 साल कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट ने प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने वाले युवक को 15 साल कैद व डेढ़ लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है।

24 मार्च 2023 को तारबाहर थाना के एएसआई शैलेन्द्र सिंह को मुखबिर से सूचना मिली व्यापार विहार त्रिवेणी भवन के पाए एक युवक प्रतिबंधित कफ सिरप बेच रहा है। श्री सिंह ने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर जरहाभाठा संत रविदास मार्ग निवासी आकाश खरे पिता स्व. रमेश कुमार 21 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 25 नग प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कफ सिरप जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की गवाही सुनने के बाद आरोपी आकाश खरे को 15 साल कैद व 1.50 लाख रुपए जुर्मान पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजिक घनश्याम प्रसाद चतुर्थी ने पैरवी की है। शहर में नशीली प्रतिबंधित दवा बेचने वाले जरहाभाठा के तस्करों कोर्ट से लगातार 15 - 15 साल व 1.50, 1.50 लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई जा रही है।

■ डेढ़ लाख रुपए जुर्माना

# समिति निकालेगी हवाई सुविधा मार्च, रायपुर में होगा प्रदर्शन

**बिलासपुर।** जून हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति द्वारा 8 जुलाई को रायपुर में मार्च निकाला जाएगा। रायपुर के घड़ी चौक से प्रारंभ होकर मुख्यमंत्री निवास तक मार्च किया जाएगा, जिसमें प्रतिनिधिमंडल द्वारा सीएम विष्णु देव सांय से मुलाकात की जाएगी। समिति का कहना है कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से किया जाएगा। बिलासपुर से 25 से अधिक गाड़ियों में सैकड़ों सदस्य और नागरिक रायपुर जाएंगे। 8 जुलाई को दोपहर में 1 बजे धरना स्थल राघवेंद्र राव सभा भवन में इकट्ठा होकर रायपुर के लिए रवाना होंगे। शांतिपूर्ण तरीके से घड़ी चौक से मुख्यमंत्री निवास की ओर मार्च किया जाएगा। समिति ने कहा कि रायपुर जिला प्रशासन से इस बारे में अनुरोध किया जाएगा और सीएम से मुलाकात के लिए समय की मांग की जाएगी। शनिवार को समिति का धरना जारी रहा। इस दौरान मनोहर खटवानी, अशोक भंडारी, दीपक कश्यप अनिल गुलहरे शेख अल्फाज, चित्रकांत श्रीवास, मेलूराम साहू, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

■ 8 जुलाई को समिति घड़ी चौक से मुख्यमंत्री निवास करेगी मार्च

# मानसून की फुहारों से तरबतर हुआ शहर, तापमान गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में मानसून के दस्तक देते ही बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। बिलासपुर में भी मानसून एक्टिव हो चुका है। शुक्रवार की देर रात झमाझम बारिश होने के बाद शनिवार की सुबह 10 बजे से शुरू हुई बारिश रात तक चलती रही, इस दौरान लगभग 48 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। बारिश होते ही तापमान औंधे मुंह गिरा, शनिवार को दिन का अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.9 डिग्री दर्ज किया गया।

शनिवार की सुबह से बारिश होने के कारण शहर के कई इलाकों में सीवरेज के चेंबर से पानी बाहर आने लगा, तो कई जगहों के नाले भी उफान पर आ गए। दोपहर 2 बजे के करीब जोरदार हो रही बारिश के चलते सरजू बगीचा, तेलीपारा, तालापारा, मसानगंज जैसे क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति ला दी। घंटे की बारिश के चलते शहर में बने हालातों के बाद नगर निगम के ड्रेनेज सिस्टम के दावों की पोल खुल गई। नालों के गहरीकरण में करोड़ों खर्च करने के बाद भी शहर में जल भराव की तस्वीर को लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल भी किया।



### कई जगह भरा पानी

हाल ये हो गए की सड़कें पानी से लबालब हो गई। ट्रैफिक सिंगनल बंद होने से सेंट फांसेस, महाराणा प्रताप चौक, तारबहार जैसे चौक में गाड़ियों की लाइन लग गई। करीब घंटे भर कई जगहों पर वाहन फंसी रही। शहर के जल भराव के हाल इस कदर बिगड़े की अधिकारियों के बंगलों में भी पानी भर गया। बारिश बंद होने के साथ ही नगर निगम के अमले ने गाड़ियां भेज कर जल भराव वाले जगह पर पानी को खाली कराया। नगर निगम के अधिकारियों का दावा है कि ज्यादातर जगहों से पानी को ड्रेनेज कर दिया गया। गौरतलब है कि कुछ घंटे की बारिश में शहर जब जलमग्न हो गया। वहीं अगर शहर में 24 घंटे लगातार बारिश होगी तो ऐसी स्थिति में शहर के क्या हालात होंगे और जिम्मेदारों पर क्या एक्शन लिया जाएगा यह देखने वाली बात होगी।

### कुछ देर की बारिश से खुली तैयारियों की पोल

मानसूनी बारिश शुरू होने से पहले नगर निगम ने शहर के छोटे-बड़े लगभग 200 से ज्यादा नालों पर 10 करोड़ से अधिक की राशि खर्च कर गहरीकरण किया है, लेकिन शनिवार की सुबह से हो रही बारिश से नालियां ओवरफ्लो हो गईं, जिसके साथ ही शहर के लगभग एक दर्जन से अधिक इलाकों में जल भराव के हालात बन गए।



### बाढ़ नियंत्रण कक्ष में महज दो शिकायत

खास बात यह है कि प्रशासन और नगर निगम ने अपने कर्मचारियों की ड्यूटी बाढ़ नियंत्रण कक्ष में लगाई है। सुबह से ही शाम तक बारिश का दौर जा रहा, लेकिन महज दो ही शिकायत दर्ज की गई। पुराना हाईकोर्ट में नालियों का पानी जान होने और सराफा गली में नालियों का पानी घरों में घुसने की नौबत आई थी, जिसके बाद आसपास के लोगों ने निगम के बाढ़ नियंत्रण को सूचना भेजी थी।

### घरों घर हुई आतिशबाजी, देर रात तक होते रहे बम के धमाके

# भारत की जीत पर क्रिकेट प्रेमी झूमे

मनाई खुशियां








**बिलासपुर।** टी 20 विश्वकप के रोमांचक फाइनल मैच में भारत की जीत के बाद शहर के क्रिकेट प्रेमी खुशी से झूम उठे। देर रात जैसे भारतीय टीम ने जीत का परचम लहराया, वैसे ही लोग उछल पड़े, कुछ ही देर में आतिशबाजी शुरू हो गई। चौक चौराहों पर देर रात तक बम के धमाके होते रहे। टी 20 विश्वकप के फाइनल का रोमांच आज चरम पर था। क्रिकेट प्रेमी सुबह से मैच शुरू होने का इंतजार कर रहे थे। मैच रात 8 बजे शुरू हुआ, उसके बाद शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। लोग घरों में टीवी के सामने जम गए और मैच का आनंद लेने लगे। जैसे जैसे मैच आगे बढ़ता गया, वैसे वैसे रोमांच भी अपने चरम पर पहुंचता गया। एक समय भारतीय टीम पिछड़ती नजर आई, इससे लोगों की निराशा भी झलकी, परन्तु अंत में भारतीय टीम ने कड़ा संघर्ष करते हुए विश्वकप अपने नाम कर लिया। जैसे ही भारतीय टीम जीती, वैसे ही बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी सड़कों पर निकल आए और खुशियां मनाने का सिलसिला शुरू हो गया। कुछ ही देर में चौक चौराहों पर आतिशबाजी होने लगी। देर रात तक चौराहों पर बम के धमाके होते रहे।



# महर्षि युनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी

A UGC Recognized Private University u/s 2(f) of UGC Act 1956



पूज्य महर्षि महेश योगी जी

## नई शिक्षा नीति 2020
के अनुरूप संचालित पाठ्यक्रम हेतु

## प्रवेश प्रारंभ
सत्र 2024-25



विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-25 में निम्नलिखित नियमित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित हैं:-

### FACULTY OF SCIENCE / COMPUTER SCIENCE
**B.Sc(IT)(Honours/Research), BCA, MSC(IT), PGDCA, DCA, DMA**

### FACULTY OF COMMERCE AND MANAGEMENT
**B.Com(Honours/Research), BBA, M.Com**

### FACULTY OF ARTS, FINE ARTS, EDUCATION, HUMANITIES & APPLIED ARTS
**BA(Honours/Research), BFA, D.El.Ed, DFL**
अंग्रेजी, हिन्दी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, इतिहास, लोक प्रशासन, भारतीय ज्ञान परम्परा, संस्कृत, छत्तीसगढ़ी, मनोविज्ञान, भूगोल

### FACULTY OF SOCIAL SCIENCE
**BSW, B.Lib.I.Sc, MSW, DJMC, PGDLAN, M.Lib.I.Sc**

### FACULTY OF VEDIC SCIENCE & YOGA
**BA-Jyotish, BA-Ashtang Yoga, (Honours/Research), MA-Jyotish, Ashtang Yoga PGDYDHLM, DVS, DY, PGDVS, PGDYN, PGDAT, PGDJ**

### POST GRADUATE DEGREE COURSE
अंग्रेजी, हिन्दी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, इतिहास, लोक प्रशासन, भारतीय ज्ञान परम्परा, संस्कृत, छत्तीसगढ़ी, मनोविज्ञान, भूगोल

### RESEARCH PROGRAMME
**Doctor of Philosophy (Ph.D)**

### उपलब्ध अन्य सुविधाएं:-
- छात्रावास सुविधा
- वाई-फाई कैम्पस
- ऑनलाईन प्रवेश सुविधा
- सुसज्जित पुस्तकालय
- अनुभवी वरिष्ठ शिक्षक
- सुसज्जित कम्प्यूटर लैब
- छात्रवृत्ति सुविधा (छ.ग. शासन के नियमानुसार)

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE)द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम **डी.एल.एड.**

''एक अद्वितीय चेतना आधारित शिक्षा प्रणाली, जो न केवल विद्यार्थीयों की अव्यक्त क्षमता का विकास करेगी बल्कि सरल, सहज पद्वति पर आधारित तकनीकी ज्ञान प्रदान करेगी।''

■ मानव मूल्यों के संवर्धन हेतु चेतना पर आधारित शिक्षा ■ विश्वव्यापी वैज्ञानिक अनुसंधानों से प्रमाणित शिक्षा ■ नित्य योग, प्राणायाम एवं भावातीत ध्यान का अभ्यास ■ हरियाली से फैला सुन्दर विशाल परिसर ■ वैदिक एवं अन्य शैक्षणिक विषयों का ग्रंथालय व अध्ययन कक्ष ■ विद्यार्थीयों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध ■ विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को महर्षि संस्थान की नियुक्तियों में वरीयता ■ बस सुविधा उपलब्ध ■ वाई-फाई आधुनिक कम्प्यूटर लैब।

नोट : उक्त पाठ्यक्रमों में ऑनलॉइन प्रवेश (Online Admission) की सुविधा विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mumt.org पर उपलब्ध है।

विश्वविद्यालय में प्रवेश की विस्तृत जानकारी हेतु संपर्क करें:- **6261019814, 6393878100**
**9389913620, 8319504950, 9830593233**

पताः- महर्षि रोड, मंगला, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 बेबसाईट www.mumt.org ई-मेल : mumt.registrar1@gmail.com

29- JUN- BSP- PG-3 ZINDAGI_Layout 1 6/30/2024 12:56 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 30 जून 2024
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

## स्पोर्ट्स

### ताइक्वांडो में डीपीएस की छात्रा असमी को मिला कांस्य पदक




**बिलासपुर।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में 12 से 15 जून के बीच में राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें डीपीएस बिलासपुर की कक्षा चौथी की छात्रा असमी नंदा ने भाग लेकर कांस्य पदक प्राप्त किया है।

**प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर हुआ था चयन**

छात्रा असमी ने अपनी इस उपलब्ध्वि से न केवल डीपीएस बिलासपुर का नाम रोशन किया बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश को गौरवान्वित किया है। खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप ने बताया कि असमी का राष्ट्रीय स्तर में चयन प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर किया गया था। असमी की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य जसपाल सिंग मथ, प्रशासनिक अधिकारी आरसी मोहंती, खेल विभाग प्रमुख मनोज कश्यप, रॉबिंसन जॉन, राज नारायण श्रीमोर, निरूपा विश्वास, पवन दुबे, अनुपम वर्मा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

## आस्था

### अष्टमी पर माता शीतला की पूजा कर अर्पित किया गया नीम चंवर



**बिलासपुर।** सरकंडा व श्री सिद्ध शक्तिपीठ शीतला माता मंदिर सिम्स परिसर सहित अन्य मंदिरों में शीतला अष्टमी पर शनिवार को माता शीतला की विशेष पूजा-अर्चना की गई। माता को नीम चंवर व भोग अर्पित किया गया।

**सोलह श्रृंगार कर की गई आरती चढ़ाया प्रसाद**

पुजारी पं. गोपाल कृष्ण रामानुज ने बताया कि सभी प्रकार के रोगों से मुक्ति व शीतलता प्रदान करने वाली देवी का प्रातः काल ब्रम्हा मूहूर्त में स्नान के बाद सोलह श्रृंगार र किया गया। श्रृंगार आरती, गोष्ठी प्रसाद लगाया गया। आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र और शोभन योग का संयोग रहा। चंद्रमा मीन राशि में मौजूद रहा।

#### श्रद्धालुओं ने की पूजा, रखा व्रत

शीतला अष्टमी पर श्रद्धालु भक्तों ने शीतला माता की पूजा की। कई लोगों ने व्रत भी रखा। माता को सभी सामग्री अर्पित करने के बाद खुद और घर से सभी सदस्यों को हल्दी का टीका लगाया गया।

## आयोजन

### लोगों को पर्यावरण, बीमा के प्रति किया गया जागरूक



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय बीमा जागरूकता दिवस के अवसर पर पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण एवं बीमा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। बिलासपुर इफ्को टोकियो इंश्योरेंस कंपनी के शाखा प्रमुख विनय श्रीवास ने बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ उच्चतर माध्यमिक शाला में प्रधान अध्यापक प्रशांत चिपड़े, सह प्रधान अध्यापक मधुरकांत शर्मा, व्यायाम शिक्षक अख्तर खान सहित समाज के अन्य वरिष्ठ नागरिकों के साथ पौधे लगाए एवं लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर आलोक कुमार यादव शाखा प्रबंधक अपेक्स बैंक, श्री रायजादा, पृथ्वीपाल, बहादुर सिंह बाली की उपस्थिति रही।

**राष्ट्रीय बीमा जागरूकता दिवस पर हुआ पौधरोपण**

---

सांस्कृतिक-साहित्यिक संस्था श्री साईनाथ व नृत्य धारा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रेल्वे परिक्षेत्र में आयोजित दो दिवसीय प्रथम छत्तीसगढ़ संगीत नृत्य महोत्सव का शनिवार को रंगारंग समापन हुआ। इसमें 50 से अधिक कलाकारों ने नयनाभिराम प्रस्तुति दी। महोत्सव में शास्त्रीय नृत्य, संगीत व नाट्य का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### रेल्वे में आयोजित संगीत, नृत्य महोत्सव का रंगारंग समापन

# महोत्सव में शास्त्रीय नृत्य, संगीत नाट्य का अद्भुत संगम

**50 से अधिक कलाकारों ने दी नयनाभिराम प्रस्तुति**




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विविध आयामों को खुद में समेटे इस अनूठे महोत्सव में संगीत व नृत्य की अनेक प्रस्तुतियों ने बिलासपुर सहित आसपास से पहुंचे सैकड़ों संगीत-नृत्य प्रेमियों को घंटों बांधे रखा। सभी ने इस आयोजन का जमकर आनंद उठाया। द्वितीय दिवस शनिवार को शहर के ही वेस्ट ज़ोन डांस अकादमी की नन्ही नृत्य साधिकाओं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय नर्तक आंचल पांडेय ने अपने मार्गदर्शन में नृत्य की तालीम दी है, ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से दर्शकों को भावुक कर दिया। पुणे से आए सुप्रसिद्ध युवा संतूर वादक निनाद दाईथणकर ने राज झिंझोटी व पहाड़ी सहित अनेक लोकप्रिय तराने छेड़े। उनकी इस यादगार प्रस्तुति से श्रोतागण मंत्रमुग्ध हुए। तबले पर भिलाई के युवा तबला वादक रामचंद्र सरपे ने संगति दी। दो दिवसीय रंगारंग महोत्सव की समापन प्रस्तुति के रूप में वरिष्ठ कथक गुरु डॉ. आरती सिंह व उनके नेतृत्व में कमला देवी संगीत महाविद्यालय रायपुर की छात्राओं ने ऋतु परिवर्तन पर आधारित कथक नृत्य 'ऋतु श्रृंगार' पेश कर शमा बांध दिया।






#### कलाकारों का हुआ सम्मान

समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सेक्रो बिलासपुर मंडल अध्यक्ष श्रद्धा पांडेय, सचिव शिप्रा पटेल, वरिष्ठ गायक व संगीत गुरु देवेंद्र गोस्वामी व बिलासपुर विश्वविद्यालय एनएसएस समन्वयक मनोज सिन्हा उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों ने सभी आमंत्रित कलाकारों, सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित किया।

---

**कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन अमेरिका से चयन**

कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन अमेरिका द्वारा शहर की समर्पित संस्था का चयन एक्सेस टू जस्टिस न्याय तक पहुंच प्रोजेक्ट के छत्तीसगढ़ में क्रियान्वयन के लिए किया गया है। यह छत्तीसगढ़ की प्रथम संस्था है, जो कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था से मिलकर बच्चों के अधिकारों के लिए कार्य करेगी।

# बाल तस्करी व बाल विवाह रोकने काम करेगी समर्पित संस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समर्पित संस्था के अध्यक्ष डा. संदीप शर्मा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य श्रम या यौन शोषण के लिए तस्करी किए बच्चों और बाल यौन शोषण के पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित करना व बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में सहभागिता निभाना है। उन्होंने बताया कि भारत दुनिया के उन कुछ देशों में से हैं जहां बाल विवाह पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। साथ ही शादी की आड़ में बच्चों के साथ यौन संबंध बनाना भी अपराध है और ऐसे यौन संबंध बालात्कार की श्रेणी में आता है। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का लक्ष्य पूरे भारत में बाल विवाह को हमेशा के लिए खत्म करना है। देश में मजबूत बाल संरक्षण कानूनों के बावजूद जो बच्चे तस्करी और दुर्व्यवहार के शिकार हैं, उनके लिए एक्सेस टू जस्टिस न्याय तक पहुंच प्रोजेक्ट मजबूती से काम करेगा। पीड़ित बच्चों को जल्द न्याय दिलवाने व उनके पुनर्वास के लिए समर्पित संस्था विशेष कार्ययोजना बनाकर कार्य करेगी।

#### जशपुर जिले से होगी प्रोजेक्ट की शुरूआत

डा. शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक चरण में संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में इस प्रोजेक्ट की शुरुआत की जा रही है। प्रोजेक्ट की टीम लीडर अल्का फॉल्क व आभाष शर्मा ने बताया कि उनकी टीम का प्रयास रहेगा कि बाल तस्करी व बाल विवाह के प्रकरण में पीडित को त्वरित सहायता पहुंचाई जाए व प्रकरण में दोषी व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके लिए उनकी टीम चौबीस घंटे उपलब्ध रहेगी। ज्ञात हो कि समर्पित संस्था विगत 25 वर्षों से बाल संरक्षण व सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। उक्त जानकारी संस्था समन्वयक पी.एल. खैरवार ने दी।

---

# परमात्मा का यथार्थ ज्ञान ही सुख पाने का प्रशस्त करता है मार्ग

शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर में पॉजिटिव थिंकिंग क्लासेस चल रही है। इसमें बीके मंजू ने कहा कि यही वह धर्म ग्लानि का समय है, जब परमात्मा अवतरित होकर सतयुग में जाने का मार्ग बता रहे हैं। परमात्मा द्वारा दिया यथार्थ ज्ञान ही सुख पाने का मार्ग प्रशस्त करता है।



**शिव अनुराग भवन में चल रही पॉजिटिव थिंकिंग की क्लासेस**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्लासेस में मंजू दीदी ने कहा कि परमात्मा स्वयं अवतरित होकर स्वयं एवं सृष्टि के उन रहस्यों से पर्दा उठा रहे हैं, जिसे कोई मनुष्य आत्मा नहीं कर सकती है। परमात्मा का यथार्थ परिचय आवश्यक है। परमात्मा द्वारा दिया यथार्थ ज्ञान ही सुख पाने का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि हमने परमात्मा के प्यार का अनुभव किया है। यही अनुभव सभी को कराना सच्ची सेवा है। संगम युग का यह एक जन्म अत्यंत दुर्लभ है। जिसमें परमात्मा द्वारा सिखाए राजयोग का अभ्यास कर जन्म जन्मान्तर के पापों से मुक्त हो सकते हैं और सतयुग में जन्म लेने का भाग्य बना सकते हैं। ज्योति स्वरूप निराकार परमात्मा को सभी धर्म स्वीकार करते हैं, पर अवतरण को लेकर स्पष्ट संदेश धर्म शास्त्रों में नहीं है।

---

**अटल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन प्रारंभ**

# हम इंडिपेंडेंट तो हैं ही पर साथ ही इंटरडिपेंडेंट भी हैं : प्रो शुक्ला

अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में इनोवेशन एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट इन टूरिज्म कॉमर्स एंड मैनेजमेंट विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का 29 जून को प्रथम दिवस रहा। ये कार्यक्रम होटल मैनेजमेंट, अतिथया विभाग तथा वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है, सम्मेलन में कुल पांच तकनीकी सत्र (सस्टेनेबल टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, सस्टेनेबल हुमन रिसोर्स मैनेजमेंट एंड आर्गेनाईजेशन बिहेवियर, सस्टेनेबल मार्केटिंग, प्रैक्टिस सस्टेनेबल फाइनेंस एंड इकोनॉमिक्स सस्टेनेबल बिजनेस मैनेजमेंट) है। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रोफेसर दिवाकर शुक्ला फाउंडर एंड डायरेक्टर आफ वेदिक रिसर्च इंस्टीट्यूट लंदन तथा विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर बिजी सिंह कुलपति सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर वी एन आलोक शामिल थे।

**पांच तकनीकी सत्रों में कुल 50 शोध पत्र प्रस्तुत**

**कार्नर न्यूज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्य अतिथि प्रोफेसर दिवाकर शुक्ला ने बताया कि इस दो दिवसीय सम्मेलन का शीर्षक ही आश्चर्यजनक है उन्होंने वसुदेव कुटुंबकम की बात की बस सस्टेनेबल का अर्थ विवरण के साथ बताया कि हम इंडिपेंडेंट तो हैं ही पर इंटरडिपेंडेंट भी हैं। उन्होंने बताया कि धार्मिक स्थलों का क्या महत्व है और साथ ही बताया कि यदि माइंडफुल मैनेजमेंट नहीं होगा तो यह खतरनाक हो सकता है। अंत में उन्होंने बताया कि हमें यह देखना है कि व्यक्ति का भविष्य क्या है वह किस चीज में अपनी खुशी देखा है और जीवन का क्या उद्देश्य है ।

विश्वविद्यालय के कुलपति अचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई ने आभासी माध्यम से उद्बोधन देते हुए कहा कि हमें देखना है कि किस प्रकार विकासशील देश विकसित देशों के प्रति अपनी भूमिका का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने जी 20 स्लोगन और वसुदेव कुटुंबकम की भी बात की। उन्होंने वन फैमिली वन




अर्थ एवं वन फ्यूचर की बात की। इस कार्यक्रम में अतिथियों ने होटल मैनेजमेंट व अतिथि विभाग के न्यूज लेटर भ्रमण रमन का विमोचन किया। होटल मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष डॉक्टर हामिद अब्दुल्ला व सहायक प्राध्यापक श्री हैरी जॉर्ज ने इस न्यूज़लेटर के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

द्वितीय तकनीकी सत्र सतत मानव संसाधन प्रबंधन और संज्ञानात्मक व्यवहार था। इस सत्र के चेयरपर्सन प्रोफेसर सुनील तिवारी को चेयरपरसन डॉक्टर अनिल टम्टा और मुख्य वक्ता डॉ उषा रूप नारायण साउथ अफ्रीका से थी । उक्त तकनीकी सत्र में डॉक्टर उषा रूप नारायण ने ऑर्गनाइजेशनल लीडरशिप पर उद्बोधन दिया। प्रोफेसर सुनील तिवारी ने अध्यक्ष के रूप में संबोधन दिया। तृतीय सत्र जिसका विशेष सस्टेनेबल मार्केटिंग प्रैक्टिस था। इस सत्र के मुख्य वक्ता डॉक्टर अजय श्रीवास्तव चेयरपर्सन आधारशीला विद्या मंदिर थे। उन्होंने अपने वक्तव्य में पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण को बचाने की बात कही। इस सत्र की को चेयरपर्सन डॉक्टर स्वाति तिवारी शासकीय महाविद्यालय सरगांव थी सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर शोभित वाजपेई ने की। इस प्रकार ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से आयोजित पांच तकनीकी सत्रों में कुल 50 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य इंडियन वाजपेई (आभासी )डॉक्टर सुमोना भट्टाचार्य, डॉक्टर पूजा पांडे, डॉक्टर गौरव साहू, डॉक्टर हैरी जॉर्ज ,इंजीनियर यशवंत पटेल, डॉक्टर सौमित्र तिवारी, डॉक्टर महेंद्र मेहता, सुश्री सुषमा तिवारी, सुश्री सोनाक्षी शर्मा, सुश्री जयश्री जायसवाल, श्री खेमेन्द्र देवांगन, सुश्री मुस्कान सुश्री आकृति, सर्वेश, श्री प्रकाश चतुर्वेदी, सुश्री दिव्या ज्योति, सुश्री भारती, श्री गुरुदेव, सौरभ, स्वप्निल ,इशिका, उत्कर्ष, संजना ,प्रतिमा राजपूत, सरिता सिंह ,रितेश राठौर, शाहिना ,व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे तथा कार्यक्रम संचालन में सभी का विशेष योगदान रहा।



# यादगार किरदारों के लिए गंभीरता जरूरी : नवाजुद्दीन

**नई दिल्ली।** साल 2018 में मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म 'पद्मावत' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में रणवीर सिंह ने अलाउद्दीन खिलजी का ऐतिहासिक किरदार निभाया था। अभिनेता ने बताया था कि इस किरदार को निभाने के लिए डार्क जोन में चले गए थे और अकेले रहने लगे थे, जिस वजह से इस किरदार का उन पर गहरा असर हुआ था। उनके इस बयान को अभिनेता प्रशांत नारायणन ने झूठ और बकवास करार दिया था, जिसपर अब नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने रणवीर का समर्थन करते हुए बिना नाम लिए प्रशांत नारायण के बयान को गैर-जिम्मेदाराना बताया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के किरदार तभी जीवंत होते हैं, जब कोई अभिनेता गंभीरता से इन किरदारों को निभाता है।

## लाइफ Style



# श्रद्धा
## अमिताभ की तारीफों के बांधे पुल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'कल्कि 2898 एडी' फिल्म हाल में ही सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म को दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। बॉक्स ऑफिस पर हुई फिल्म की कमाई बताती है कि फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। इस फिल्म को दर्शकों के अलावा फिल्मी हस्तियों से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।

फिल्म में अमिताभ बच्चन के अभिनय और उनके किरदार पर दर्शक काफी प्यार लुटा रहे हैं। इस कड़ी में अब अभिनेत्री श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है। हाल में ही उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बहुचर्चित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की समीक्षा की है। इस दौरान उन्होंने महानायक अमिताभ बच्चन की काफी तारीफ की है। इस वक्त पूरे देश में 'कल्कि 2898 एडी' को लेकर चर्चा हो रही है। ऐसे में श्रद्धा कपूर भी इस फिल्म को देखे बिना नहीं रह पायीं और फिल्म देखने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की। उन्होंने लिखा,' क्या उत्तर, क्या दक्षिण, क्या पूर्व, क्या पश्चिम। सारा सिनेमा एक तरफ।' अगली स्लाइड में उन्होंने फिल्म से बिग बी की एक तस्वीर साझा करते हुए आग और सैल्यूट इमोजी के साथ लिखा, 'अमिताभ बच्चन एक तरफ।' इसके अलावा पोस्ट के कैप्शन में अभिनेत्री ने अमिताभ बच्चन को टैग करते हुए लिखा,'आप अपने आप में ही एक सिनेमैटिक यूनिवर्स हैं।' उनके पोस्ट से जाहिर है कि फिल्म में अमिताभ बच्चन के अभिनय ने उनका दिल जीत लिया है। श्रद्धा कपूर हिंदी ने अब तक के करियर में वह कई शानदार फिल्मों का हिस्सा रही है।

## हॉलीवुड मसाला





# इनसाइड आउट-2 का दबदबा कायम

**लॉस एंजिलिस।** एनिमेटेड फिल्म इनसाइड आउट 2 का बॉक्स ऑफिस पर धमाल जारी है। डिज्नी/ पिक्सर की यह फिल्म दुनियाभर में धमाकेदार कमाई कर रही है। गुरुवार तक इस फिल्म ने वैश्विक स्तर पर 86.31 करोड़ डॉलर का कलेक्शन कर लिया। कमाई के मामले में इसने अपनी मूल फिल्म को भी पीछे छोड़ दिया है। इनसाइड आउट ने 85.9 करोड़ रुपए का बिजनेस किया था। वहीं, इसके सीक्वल ने रिलीज के सिर्फ 16 दिनों में ही यह कारनामा कर दिखाया है।



# यौन उत्पीड़न के आरोप में तीन साल की मिली सजा

**लॉस एंजिलिस।** फ्रांस के राष्ट्रीय फिल्म बोर्ड के अध्यक्ष डोमिनिक बाउटोनेट को अपने गॉडसन पर यौन उत्पीड़न के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद तीन साल की जेल की सजा दी गई है। इसमें वह एक साल हिरासत में रहेंगे। इसके अलावा उन्हें फ्रांस के राष्ट्रीय सिनेमा केंद्र (सीएनसी) के प्रमुख के पद से भी इस्तीफा देना पड़ा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डोमिनिक बाउटोनेट को जेल में समय नहीं बिताना पड़ेगा, लेकिन उम्मीद है कि वह हिरासत के एक साल तक इलेक्ट्रॉनिक ब्रेसलेट के साथ घर में नजरबंद रहेंगे। डोमिनिक बाउटोनेट ने हमेशा इन आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने अदालत से बाहर निकलते समय अपनी बेगुनाही की पुष्टि की थी। इसके साथ ही कहा था कि वे फैसले और सजा के खिलाफ अपील करेंगे।



# दस साल के शुद्ध प्रेम का जश्न

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'औरों में कहां दम था' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस फिल्म में वह अजय देवगन के साथ नजर आएंगी। ये फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। अपनी शानदार अदाकारी के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपने पेट डॉग चिन्नू के लिए दिल छू लेने वाला एक नोट लिखा है। '29 जून 2014 को एक गर्म और उमस भरे दिन में चिन्नू घर आया। वह एक छोटे से बिंदु की तरह दिख रहा था, जो बाद में मेरे परिवार और दोस्तों के बीच शामिल हो गया। दस साल के शुद्ध प्रेम का जश्न मनाना, हंसी और आंसू बांटना, बगीचे में टहलना, अपनी भौंकने की आवाज से बड़े-बड़े प्यारे जानवरों को डराना और भी बहुत कुछ। इसके साथ ही उसे सभी से मिल रहे प्यार का जश्न मनाना।



# 'कल्कि 2898 एडी' की जमकर तारीफ की

**मुंबई।** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' को देखकर फिल्मी सितारे अपने प्रतिक्रिया दे रहे हैं। शनिवार को सुपरस्टार रजनीकांत ने भी फिल्म देखने के बाद जमकर तारीफ की है, साथ ही दूसरे पार्ट के प्रति उत्साह जाताया है। अमिताभ बच्चन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और कमल हासन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' सिनेमाघरों में लगी हुई है। ओपनिंग डे पर फिल्म को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिली। दर्शकों के साथ-साथ फिल्मी सितारे भी इस फिल्म को देखने के बाद अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हाल ही में अभिनेता रजनीकांत ने इस फिल्म को देखने के बाद तारीफ की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स हैंडल से पोस्ट साझा की है।'फिल्म'कल्कि 2898 एडी' देख ली है। और वाह! क्या शानदार फिल्म है।

# जूही ने 'विद लव, आप की सैयारा' नाटक के साथ बनाया रिकॉर्ड...



**मुंबई।** राज बब्बर और नादिरा बब्बर की बेटी व अभिनेत्री जूही बब्बर ने एक उपलब्धि हासिल की है। उनका चर्चित नाटक 'विद लव, आप की सैयारा' ने शतक लगा दिया है। शुक्रवार 28 जून को इस नाटक का 100वां शो दिखाया गया। बेटी की इस उपलब्धि मे पिता राज बब्बर भी शामिल हुए। उनके अलावा जूही बब्बर के हमसफर व अभिनेता अनूप सोनी भी नजर आए। इनके अलावा और भी कई हस्तियां शो देखने पहुंचीं। जूही बब्बर ने 'विद लव, आप की सैयारा' नाटक के 100 शो पूरे होने की खुशी को सौ महिलाओं के साथ सेलिब्रेट किया। इस खास अवसर पर चर्चित अभिनेत्री तापसी पन्नू, नंदिता दास, रसिता जोशी सहित टीवी की चर्चित अभिनेत्री सौम्या टंडन भी शामिल हुईं।



# अभी शादी नहीं करेंगे जैस्मिन व अली!

**नई दिल्ली।** जैस्मिन भसीन और अली गोनी टीवी की सबसे प्यारी जोड़ियों में से एक हैं। वह काफी समय से एक दूसरे के साथ हैं। दोनों से अक्सर उनकी शादी के बारे में सवाल पूछे जाते हैं और तरह-तरह की अटकलें लगाई जाती हैं। अब अभिनेत्री जैस्मिन भसीन ने अपनी शादी को लेकर संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि वे जल्दी शादी के बंधन में नहीं बंध सकते हैं। दरअसल, हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान जब उनसे उनकी शादी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब मन करेगा तब वो ऐसा करेंगे। उन्होंने यह भी साझा कि फिलहाल दोनों अपने-अपने काम में व्यस्त हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक साक्षात्कार के दौरान जैस्मिन ने कहा कि शादी को लेकर उन दोनों ने अभी कोई योजना नहीं बनाई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी बैठकर ये योजना नहीं बनाई की वो इसे कल या परसो कर ले। जब उनका मन करेगा तब शादी कर लेंगी। 'हम दोनों छोटे शहरों से संघर्ष करके आए हैं, हम अपने सपनों के साथ यहां आए हैं, हमारा ध्यान उन सपनों पर हैं। इसलिए, एक बार जब हम उस मुकाम पर पहुंच जाएंगे, जहां हम एक-दूसरे के साथ उस खुशी को साझा करने के लिए अंदर से भी संतुष्ट और खुश होंगे।

# चिराग-दीपिका की अनोखी प्रेम कहानी

**मुंबई।** स्टार प्लस अपने दर्शकों के लिए कई दिलचस्प मजेदार टीवी शोज पेश करता रहता है। ऐसे टीवी शोज जो अपनी कहानी से लोगों के दिलों में खास जगह बना लेते हैं। ऐसे ही मनोरंजक टीवी सीरियल्स के लिए प्रसिद्ध है स्टार प्लस। स्टार प्लस के पास शो की एक अद्भुत श्रृंखला है, जिसका उद्देश्य न केवल मनोरंजन करना है बल्कि सक्त बनाना भी है। इस सूची में कई टीवी सीरियल्स शामिल हैं, जैसे आज के समय में सभी का पसंदीदा टीवी शो 'अनुपमा', 'गुम है किसी के प्यार में', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है', 'उड़ने की आशा', 'माटी से बंधी डोर', 'झनक' और 'ये है चाहतें'। ये सभी टीवी सीरियल्स फैमिली ड्रामा, रोमांच और रोमांस से भरे हुए हैं। ये सभी टीवी धारावाहिक दर्शकों को बेहद पसंद हैं। अब इसी कड़ी में एक और टीवी सीरियल जुड़ने जा रहा है। स्टार प्लस अपने दर्शकों के लिए एक और रोमांच और रोमांस से भरा टीवी सीरियल लेकर आ रहा है, जिसका नाम है 'दिल को तुमसे प्यार हुआ'। यह शो पूरी तरह से एक



प्रेम कहानी पर आधारित है। इस टीवी शो में अदिति त्रिपाठी (दीपिका की भूमिका) और अक्षित सुखिजा (चिराग की भूमिका) मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इसमें चिराग एक डॉक्टर का किरदार निभा रहे हैं, जिसे भोली-भाली, मासूम और सादगी से भरी दीपिका से प्यार हो जाता है। यह धारावाहिक दीपिका और चिराग की प्रेम कहानी पर आधारित है, लेकिन क्या इनका परिवार और समाज इनके प्यार को देगा अपनी स्वीकृति? निर्माताओं ने स्टार प्लस के नए शो 'दिल को तुमसे प्यार हुआ' की एक दिलचस्प पहली झलक जारी की है।

# दर्शकों को गुदगुदाने वापस आ रहे हैं जाकिर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन जाकिर खान आज किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से काफी लोकप्रियता हासिल करने के साथ-साथ अपने फैंस के दिल में स्थायी तौर पर जगह बना ली है। वह एक लोकप्रिय भारतीय कॉमेडियन, लेखक, कवि के साथ-साथ एक अच्छे अभिनेता भी हैं। वह साल 2012 में कॉमेडी सेंट्रल की एक कॉमेडी प्रतियोगिता जीत कर चर्चा में आए थे। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। जाकिर खान एक बार फिर से दर्शकों के दिल पर राज करने आ रहे हैं। वह जल्द ही सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले अपने नए शो 'आपका अपना जाकिर' के साथ छा जाने को तैयार हैं। शो में दर्शकों को उनकी हंसी, शायरी और जिंदगी से जुड़े दिलचस्प वाकये और नुस्खे देखने को मिलेंगे। कुल मिलाकर ये शो दर्शकों के भरपूर मनोरंजन का एक पूरा पैकेज होने वाला है। यह एक ऐसा शो होगा, जो सभी उम्र के लोगों का मनोरंजन करेगा।


**न्यायालय तहसीलदार रतनपुर तहसील रतनपुर जिला -बिलासपुर (छ.ग.)**

**// उपस्थिति हेतु सूचना//**

1. हाजी खान पिता स्व. हाजर खान वगै. निवासी रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)......आवेदकगण

विरूद्ध

1. फरीदा बेगम पिता स्व. हमीद खान 2. अगसरी बेगम पिता स्व. हमीद खान 3. सुलताना बेगम पिता स्व. हमीद खान 4. मुमताज बेगम पिता स्व. हमीद खान 5. अनिशा बेगम पिता स्व. हमीद खान 6. प्याजिन बाई पति स्व. हमीद खान निवासी रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर....अनावेदकगण

इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202406072300017 /अ-27/2023-24 ग्राम रतनपुर पक्षकार हाजी खान पिता स्व. हाजर खान वगै निवासी रतनपुर जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम रतनपुर स्थित भूमि ख.न. 2390/3, 2393/3, 2393/6, 2393/11 रकबा क्रमशः 0.3400, 0.5390, 0.0610 हे. भूमि शामिल खाते में उभयपक्षकार के नाम पर दर्ज है। वादभूमि का आवेदक के द्वारा आपसी बंटवारानामा अनुसार खाता विभाजन कराने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखने के लिए 12.07.2024 को न्यायालीन समय पर उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करे । अनुपस्थित रहने पर एकपक्षीय की जावेगी । आज दिनांक 24.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम अमेरी तह. सकरी
जिला-बिलासपुर छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका पुनिया बाई कौशिक, निवासी ग्राम कुदुदण्ड, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अमेरी तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं. 30 / 37, रकबा 809 वर्गफीट भूमि आवेदिका की स्वामित्व की भूमि है। वर्तमान ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में नहीं प्रदर्शित हो रहा है जिसे सुधार किए जाने हेतु छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 115 के तहत आवेदन न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ. रा. तखतपुर, जिला- बिलासपुर छ.ग. में आवेदन प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जॉच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो वह अपना दावा / आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 20/07/24 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31/05/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील- सकरी

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम अमेरी तह सकरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रिझुराम भगत पिता लोयाराम भगत, वगै. निवासी, शांति नगर बिलासपुर, तहसील -व जिला- बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा ग्राम अमेरी तहसील सकरी स्थित भूमि ख.न. 390/2 ख रकबा 1600 वर्गफीट भूमि क्रय के द्वारा प्राप्त हुआ है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में पूर्व भूमि स्वामी का नाम प्रदर्शित हो रहा है। जो कि त्रुटिपूर्ण है, जिसे दुरूस्त किये जाने का आवेदन छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 115 के तहत आवेदन न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ.रा. तखतपुर, जिला- बिलासपुर छ.ग. में आवेदन प्रस्तुत किया गया है तथा इस न्यायालय को जाँच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। इस ईश्तहार के माध्यम से दावा/ आपत्ति आमंत्रित किया जाता है।

अत: उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति, स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 20.07.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि- पश्चात दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 31.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
तहसील- सकरी

**न्यायालय नायब तहसीलदार बोदरी जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**-:: पेपर नोटिस ::-**

रा.प्र.क्र.-20240107010004O/68/अ-6अ/2023-24
पक्षकार - श्री दुकालूराम पिता स्व. बसावन जाति सूर्यवंशी..........आवेदक

बनाम

मेसर्स एस. थ्री. एच. बिल्डर्स प्रा.लि. पंजीकृत राजौरी गार्डन नई दिल्ली सतीश शर्मा पिता गोपालदास........अनावेदक

एतद् द्वारा मेसर्स एस. थ्री. एच. बिल्डर्स प्रा.लि. पंजीकृत राजौरी गार्डन नई दिल्ली सतीश शर्मा पिता गोपालदास नई दिल्ली (भारत) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री दुकालूराम पिता स्व. बसावन जाति सूर्यवंशी निवासी वार्ड क्र.-03 मावली माता मंदिर के पास बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अधिवक्ता के माध्यम से ग्राम हरदीकला टोना प.ह.नं.-03 तहसील बोदरी मे स्थित भूमि खसरा नम्बर 96/1 रकबा 0.45 एकड (0.182 हे.) भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत त्रुटि सुधार किये जाने हेतु न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिल्हा मे आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो स्पष्ट जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अत: इस संबंध मे आप अपना उपस्थिति अगामी पेशी दिनांक 05/07/2024 को न्यायालय नायब तहसीलदार बोदरी जिला बिलासपुर मे न्यायालयीन समय में स्वत:/ अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे।

आज दिनांक 21/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार, बोदरी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिश अहमद पिता श्री अहमद हुसैन निवासी पेण्ड्रारोड तहसील पेण्ड्रारोड जिला जी.पी.एम. के नाम से ग्राम तालापारा प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. व तहसील व जिला बिलासपुर खसरा क्रमांक 156/80 रकबा 1375 वर्गफुट स्थित है। उक्त भूमि को मेरे पक्षकार श्री (1) मो. शाकिब (2) शेख जुबेर पिता श्री मो. अब्दुल कय्युम निवासी तालापारा तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए। अग्रिम राशि बयाना बतौर प्रदान करते हुए अनुबंध पत्र निष्पादित करवाये हैं। यदि उक्त संव्यवहार से किसी भी व्यक्ति, संस्था व अन्य जो उक्त भूमि पर अपना हित रखता हो, को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति होगी तब मय दस्तावेज के साथ सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि के पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होंगे। अस्तु सूचना जानें।
दिनांक 30.06.2024

राममनोहर दुबे
अधिवक्ता / नोटरी
स्टेट बैंक के सामने,
नया सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 98271-73623
9300828676

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार मनहरन लाल कौशिक पिता स्व. द्वारिका प्रसाद कौशिक, निवासी एल-25 नर्मदा नगर , बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशित करता हूं कि मौजा सकरी म.नं. 02 रा.नि.मं. सकरी , तहसील, प.ह.नं. 45, जिला बिलासपुर स्थित व्यपवर्तित भूमि ख.नं. 370/3, रकबा 1491 वर्गफीट, शीट नं. 40, भू खण्ड क्र. 163/2 (आसमा कालोनी) राजस्व अभिलेखों में दीपक चंद्र राय पिता दलपत राय निवासी मन्नू चौक टिकरापारा, बिलासपुर तहसील व जिला- बिलासपुर के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज चला आ रहा है, उक्त भूमि पर दो मंजिला मकान निर्माणाधीन है, जिसे मेरे पक्षकार द्वारा खरीदने का पक्का सौदा किया जा चुका है, और निकट भविष्य में उक्त भूमि/मकान का मेरे पक्षकार के पक्ष मे विक्रय पत्र निष्पादित होना है।

अत: उक्त भूमि के क्रय-विक्रय से किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्थान, समिति, शासकीय, अर्धशासकीय, कार्यालय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मूल दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में संपर्क कर दावा/आपत्ति कर सकते हैं। समय उपरांत दावा/आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जाने।
भवदीय
विमल कौशिक, अधिवक्ता
सिंधी कॉलोनी, कस्तूरबा नगर
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 9301003073

**न्यायालय प्रथम अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रामानुजगंज जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी- डॉ.मनोज कुमार प्रजापति)

**समंस**

(धारा 166 मोटर यान अधिनियम 1988 के तहत् क्षतिपूर्ति प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण)

मो.दु.दा.प्र.क्र.-05/2018
प्रोसेस नं. 318/24
प्रोसेस दिनांक- 26/06/24
पेशी दिनांक- 02/07/2024

पक्षकार:- हीरालाल वगैरह..आवेदकगण
:विरूद्ध:-
नवीन एग्रो इन्डस्ट्रीज वगैरह .......अनावेदकगण

प्रति, आवेदकगण हीरालाल वगैरह के द्वारा दुर्घटना में हुए क्षति की क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने हेतु मोटर दुर्घटना दावा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अत: अनावेदक क्रमांक 2 कार्तिक राम आ. मोहनराम निवासी मरवाही, पो. मरवाही जिला बिलासपुर (छ.ग.) को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदकगण द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के सबंध में आपको अपना पक्ष रखने हेतु अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होना है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी। यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मैं अवकाश पर जाता हूँ तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

डॉ. मनोज कुमार प्रजापति
प्रथम अति. मो. दावा अधिकरण रामानुजगंज
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब ऊर्जा ने सेंदरी ब्लैक स्पॉट पर लोगों को बांटे नि:शुल्क हेलमेट



**बिलासपुर।** लगातार ब्लैक स्पाट बनने और दो पहिया वाहन से होने वाली दुर्घटनावश मौत को संज्ञान में लेकर लायंस क्लब ऊर्जा की अध्यक्ष रिम्पी होरा व उनकी टीम ने जन चेतना अभियान के तहत 25 दो पहिया वाहन चालकों को नि:शुल्क हेलमेट का वितरण किया। यातायात विभाग के साथ क्लब ने 25 लोगों को हेलमेट नि:शुल्क प्रदान किया। सेंदरी चौक ब्लैक स्पाट पर शाम को परिवार सहित कार्य से वापस गांव लौट रहे लोगों को भविष्य में हेलमेट पहनने की समझाइश दी। इस दौरान यातायात विभाग के एडिशनल एसपी नीरज चंद्राकर, डीएसपी संजय साहू, कोनी थाना प्रभारी नवीन देवांगन, यातायात जिला रोड सेफ्टी सेल के सब इंस्पेक्टर उमाशंकर पाण्डेय, लायंस क्लब ऊर्जा अध्यक्ष रिम्पी होरा, सचिव सुनीता सिंह, सहसचिव जया सिंह ने अपने हाथ से लोगों को हेलमेट पहनाया। सभी अतिथियों ने पौधरोपण किया। लायंस क्लब ऊर्जा की अध्यक्ष रिम्पी ने बताया कि सडक पर घूमने वाले आवारा मवेशियों से होने वाली दुर्घटना से बचाव के लिए लगभग 50 रेडियम पट्टी यातायात विभाग को अपनी ओर से नि:शुल्क प्रदान किए। सचिव सुनीता ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में एसइसीएल के अधिकारी सैनी ने लायंस क्लब बिलासपुर के बोर्ड मेम्बर एमजेएफ डा. चरनजीत सिंह गंभीर, केपी ग्रुप के महाप्रबंधक संतोष ठाकुर, यातायात विभाग के आरक्षक जावेद अली, पुरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

### सर्वदलीय मंच ने रेलवे से की बंद सड़क को खोलने की मांग




**बिलासपुर।** सर्वदलीय एवं जनसंगठनों के संयुक्त मंच ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा की। इसमें रेलवे प्रशासन द्वारा भारत माता स्कूल के बगल से बंद की गई सड़क को खोलने की मांग की गई। इसमें मंच के सदस्य भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अभय नारायण राय, आल इंडिया लायर्स यूनियन के शौकत अली, ट्रेड यूनियन कौंसिल के राजेश शर्मा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राकेश शर्मा, एटक के पवन शर्मा, आप के जसबीर सिंह, सीपीआईएमएल के ललन सिंह ने पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि रेल प्रशासन द्वारा भारत माता स्कूल के बगल से जाने वाली सड़क को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इसे खोलने के लिए कलेक्टर, रेलवे महाप्रबंधक, विधायक अमर अग्रवाल से राजनीतिक दलों की बैठक में चर्चा कर खोलने का अनुरोध किया गया था। आश्वासन मिलने के बाद भी आज तक इस पर अमल नहीं किया गया। इसके अलावा मंच के सदस्यों ने रेल विभाग द्वारा की गई तीन अन्य अनियमितताओं की ओर भी ध्यान आकर्षित करते हुए इसके निराकरण की मांग की। इस दौरान मंच के सभी सदस्यों ने अपना विचार व्यक्त करते हुए रेलवे से भारत माता स्कूल के पास बंद सड़क को जनहित में खोलने की मांग की।

### विनोबा नगर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बिलासपुर।** विनोबा नगर गायत्री मंदिर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मोतियाबिंद सहित आंख की जांचकर उपचार किया गया। इस अवसर पर नगर निगम पार्षद रविन्द्र सिंह, डा. आरके सिह, महिला बाल विकास अधिकारी काकुली संमतो, भामती कश्यप, सावित्री दुबे , मितानिन कल्पना नाइक, प्रभा चौहान, ज्योति थुल वार्ड के नागरिक, शिवा मुदिलयार, हरीश तिवारी, उत्तम चटर्जी, प्रशांत पाण्डेय, संजय दवे, विजय दुबे, किशोरी लाल गुप्ता, चंद्रहास केशरवानी, चंद्रहास शर्मा, राघवेंद्र सिंह, राहुल दुबे, अनिल शुक्ला, विक्की नानवानी, योगेश पिल्ले, संतोष चौहान, केशव गोरख, गुड्डू चंदेल, संगीता मोईत्रा, ओम प्रकाश शर्मा, संदीप मिश्रा, छोटु बर्डे, दिलीप साहू, सन्नी चौहान, राकेश केशरी, नरेंद्र सिंह, संजय शुक्ला, राजेश जोसफ , राजेन्द्र विष्ट, राज चौहान, मुकेश दुबे, निटु परिहार, अजय गोस्वामी, उदय गंगवानी, हरीश चेलकर, संजय यादव, मुकेश कछवहा , पिन्टु आडिल, विक्रम ध्रुव, पप्पू विष्ट आदि मौजूद थे।

### आत्मानंद विद्यालय चिंगराजपारा में जागरूकता रैली व प्रश्नोत्तरी स्पर्धा



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर से प्राप्त निर्देशानुसार उपक्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर द्वारा 27 जून को स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय चिंगराजपारा के साथ जागरूकता रैली एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। रैली में उपक्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के अध्यापकों एवं छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। रैली चिंगराजपारा के आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता के प्रचार प्रसार के लिए आयोजित की गई थी। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्या एएस मसीह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजीत कुमार ने की। प्रश्नोत्तरी में स्वामी आत्मानंद विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के अध्यापकों एवं छात्रों के साथ राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय बिलासपुर के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी अलेकसियुस कुजूर, दुर्गा बारला, राघवेंद्र कुमार, प्लाबनी दास, संतोष कुमार सिंह एवं उपक्षेत्रीय कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया।

## एनएच पर गड्ढा खोदकर छोड़ा, कीचड़ से परेशानी



नेशनल हाइवे में नया बस स्टैंड रोड के पास गड्ढा खोदकर मलबा सड़क पर छोड़ दिया गया है, इससे कीचड़ हो गया है और यहां से गुजरने वालों को काफी परेशानी हो रही है।

### फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के अध्यक्ष विरप्पा मोइली बोले एआईसीसी को सौपेंगे रिपोर्ट

# कांग्रेस नेताओं की गुटबाजी, निष्क्रियता कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हार का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोकसभा चुनाव में बिलासपुर और अंबिकापुर संभाग की सीटों पर हार की समीक्षा के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी-अपनी भड़ास निकाली। ए आ ई सी सी फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की बैठक में बताया गया कि कांग्रेस नेताओं की गु ट बा जी , निष्क्रियता और कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हार का प्रमुख कारण रहा है।

- पार्टी के नेताओं व संगठन पदाधिकारियों से बंद कमरे में की चर्चा, बड़े नेता रहे दूर

कमेटी के अध्यक्ष सीनियर लीडर वीरप्पा मोइली ने शनिवार को बिलासपुर, अंबिकापुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट के लिए अलग-अलग बैठकें ली। इस दौरान बंद कमरे में श्री मोइली ने जिलाध्यक्ष, विधायक, पूर्व विधायक समेत कार्यकर्ताओं से चर्चा की। नेताओं ने अपनी नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं का सहयोग नहीं मिला इसलिए वे चुनाव हारे हैं। हार की समीक्षा के लिए हुई इस बैठक में कार्यकर्ताओं ने कहा कि इस बार बिलासपुर लोकसभा सीट के लिए अनुकूल माहौल था। इसके बाद भी सीनियर नेताओं की गुटबाजी, आपसी खींचतान के चलते प्रत्याशी देवेंद्र यादव को अकेले घूमना पड़ा। इस दौरान मोइली ने कहा कि हमें आपसी गुटबाजी को भूल कर भाजपा के खिलाफ एकजुटता से लड़ना है। उन्होंने नेताओं व कार्यकर्ताओं को नए सिरे से मेहनत कर पार्टी को मजबूत करने की अपील की। बैठक से पहले पत्रकारों से चर्चा करते हुए वीरप्पा मोइली ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उन राज्यों के लिए कमेटी बनाई है, जहां कांग्रेस का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। कमेटी हर जगहों पर लोकसभा सीटों के आधार पर बैठकें ले रही हैं। जिसमें हार के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर खामियों को दूर करने का काम किया जाएगा।

### मोईली के सामने निकली भड़ास



बैठक लेते एआईसीसी फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के अध्यक्ष वीरप्पा मोइली ।

### सत्ता और संगठन में तालमेल था, रह गई कमी: बैज

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सत्ता और संगठन में तालमेल था। बावजूद इसके कहीं न कहीं कमियां रही हैं, जिसके कारण हम विधानसभा में सरकार नहीं बना पाए और लोकसभा चुनाव में भी हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि हार के लेकिन एक नहीं कई कारण थे। पार्टी इन कमियों को दूर करने के लिए फैक्ट फाइंडिंग कमेटी मंथन कर रही है। अब आने वाले समय में कोशिश होगी कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव से पहले खामियों को दूर किया जाए और सब मिलकर बेहतर कार्य करें।

### ये ड्रामा नहीं है और ना ही थियेटर गंभीरता से काम होगा- मोईली

हार की समीक्षा में राष्ट्रीय कांग्रेस की फाइंड एण्ड फैक्ट कमेटी के अध्यक्ष मोइली ने बिलासपुर, जांजगीर, कोरबा,रायगढ़ और सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के नेताओं से बन्द कमरे में संवाद किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमने पहले ही बता दिया है कि जो कुछ प्रयास किया जा रहा है यह ड्रामा नहीं है और ना ही थियेटर ही है। हम कमियों को रिपोर्ट में दर्ज करेंगे। एआईसीसी से कहेंगे की रिपोर्ट को राज्यों के माध्यम से लागू किया जाए। मैं इससे ज्यादा कुछ नहीं बताउंगा, लेकिन यह निश्चित है कि आने वाले समय में कांग्रेस को अत्याधुनिक के साथ मजबूत बनाया जाएगा। लोकसभा,विधानसभा के पहले स्थानीय चुनाव में जीत के लिए रणनीति तैयार होगी। कांग्रेस को नई ऊर्जा के साथ मजबूत बनाएंगे। मोइली ने कहा कि कल तक मोदी कांग्रेस मुक्त भारत का नारा लगाते थे। अब मोदी का ड्रीम चैप्टर क्लोज हो गया है। हमने मोदी और भाजपा के मेजोरिटी को रोका है। उत्तर प्रदेश समेत देश के अन्य राज्यों में भाजपा की करारी हार हुई है। योगी के बुलडोजर को भी कांग्रेस ने बुलडोज कर दिया है। इंडिया गठबंधन को बड़ी सफलता मिली है।

### एआईसीसी को देंगे कोरबा फार्मूला

संवाद में यह बात भी उठी कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की 40 में से 39 सीटों पर हाल मिली है। छत्तीसगढ़ की 11 में सिर्फ सिर्फ कोरबा में जीत मिली तो क्या महंत फार्मूला का अध्ययन करने आए हैं। इस पर मोईली ने कहा कि कोरबा लोकसभा बड़ी जीत है। फार्मुला का अध्ययन करेंगे। रिपोर्ट के साथ कोरबा फार्मला को भी एआईसीसी के सामने पेश करेंगे। मल्लिकार्जुन, राहुल गांधी को बतायेंगे कि इसे लागू किया जाए।

## लायंस क्लब को साथ जोड़कर साइबर क्राइम सड़क दुर्घटना पर लगाएंगे रोक: आईजी शुक्ला



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर की नई कार्यकारिणी ने शनिवार को शपथ ग्रहण किया। समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला व अति विशिष्ट अतिथि, अतिविशिष्ट अतिथि विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक, शपथ अधिकारी पीडीजी प्रीतपाल, बीएसबाली, गेस्ट ऑफ़ ऑनर पीडी जसपाल होरा थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आईजी ने संजीव शुक्ला ने कहा कि लायंस क्लब को साथ जोड़कर साइबर क्राइम और सड़क दुर्घटना पर रोकथाम का प्रयास किया जाएगा। नई कार्यकारिणी में सत्र 2024-25 के लिए शैलेष बाजपेयी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा प्रथम उपाध्यक्ष हर्ष पाण्डे, द्वितीय उपाध्यक्ष हरदीप सलुजा व तृतीय उपाध्यक्ष एमजेएफ चरणजीत सिंह गंभीर बनाए गए हैं। सचिव मुकेश महलवाला व सहसचिव डॉ राजेश दुबे को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष नरेश लिखमानिया, सहकोषाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, पीआरओ विजय क्रांति तिवारी, टेल ट्विस्टर विनोद मित्तल, टेमर गुरुमित सिंह गंभीर, क्लब एण्ड मिनिस्टर डा. राजकुमार खेत्रपाल, मेम्बरशिप चेयरपर्सन सदस्य असीत पाल जुनेजा, अजय पाण्डे, परमजीत सिंह सलुजा, श्रीकांत सहारे, क्लब सर्विस चेयरपर्सन सदस्य मंजीत सिंह अरोरा, इतेफाक सागरी, विमल केडिया, दर्शन छाबड़ा, विवेक अग्रवाल को बनाया गया है। एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर सदस्य पीएमजेएफ किशन बुधिया, बृजमोहन अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, मनोरंजन समिति के चेयरपर्सन सदस्य सुनील मारदा, नरेंद्र पाल सिंह, देवेंद्र टुटेजा, गुरदीप आजमानी, अमरजीत सिंह दुआ, जन्मदिन वर्षगांठ चेयरपर्सन नंदलाल पुरी, परमानेंट प्रोजेक्ट चेयरपर्सन अरविंद दीक्षित, सुभाष अग्रवाल बनाए गए हैं। लायंस क्लब बिलासपुर के संचालक मंडल में हरीश केडिया, राकेश पाण्डे, आरके सोनी, एमजेएफ विनोद जैन, सीए दिनेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, राम सिंह स्वर्णकार, जीएम गुप्ता, कमल बजाज, अजय अवावाल, संजय गुप्ता, संजय कोठारी, अनिल गुप्ता, चन्द्रकांत मट्टू, नवीन अग्रवाल, प्रदीप शुक्ला, सीए जीएल जैन, शिव अग्रवाल, हरजीत सिंह छाबड़ा, सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, महेन्द्र सिंह छाबड़ा. इंजी. आरके अग्रवाल, गुरमीत सिंह गंभीर, बलवीर सिंह सलुजा, अनिल सलुजा, राकेश सलुजा, महेन्द्र सिंह गंभीर, दौलत खत्री, अमरजीत सिंह टुटेजा, सीए रौनक अग्रवाल, हरभजन सिंह गंभीर, मोहन होनफ, मनीष चंदेल, गुरूचरण सिंह राजपाल, अनिल अग्रवाल, सुनील सुल्तानिया, हरीश विधानी शामिल हैं। संचालक मंडल में पीडीएमजेएफसीए एसएस अग्रवाल, पीडीजी अरुण अग्रवाल, जसपाल सिंह होरा, प्रीतपाल सिंह बाली, एमजेएफ दिलीप भंडारी हैं।

### पर्यावरण जागरूकता पौधा वितरण रैली आज

**बिलासपुर।** हरिहर परिवार-आपके द्वार, हरिहर बिलासपुर हमर बिलासपुर थीम पर 30 जून को आईएमए छत्तीसगढ़ व हरिहर ऑक्सीजोन के संयुक्त तत्वावधान में पौध वितरण, पर्यावरण जागरूकता व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अभ्यागत प्रो. एडीएन वाजपेई कुलपति, एसपी रजनीश सिंह एसपी, डॉ विनोद तिवारी प्रदेश अध्यक्ष आईएमए छत्तीसगढ़, कमल सोनी प्रदेश अध्यक्ष सराफा एसोसिएशन, डॉ एलसी मढ़रिया संरक्षक संस्थापक हरिहरऑक्सीजोन, राजेंद्र अग्रवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष दिव्यांग सेवा प्रकोष्ठ, डॉ सचिन यादव डायरेक्टर प्रयास पब्लिक स्कूल सहित आईएमए के सभी चिकित्सक उपस्थित रहेंगे।

### मंगला में पौधरोपण आज

बिलासपुर प्लाईवुड एसोसिएशन, ऑक्सीजन ग्रुप, हैडसग्रुप, सी.ए एसोसिएशन एवं छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स द्वारा 30 जून को सुबह 9 से 12 बजे तक धुरीपारा, तुर्काड़ीह, घुटकू रोड मंगला चौक से 3 किलोमीटर आगे पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया है।

### मुख्यालय में आयोजित किया गया विदाई कार्यक्रम

## एसईसीएल के निदेशक श्रीनिवासन सहित 15 कर्मचारी सेवानिवृत्त

**बिलासपुर।** एसईसीएल के कोल इंडिया के वित्त निदेशक जी. श्रीनिवासन सहित 15 अन्य कर्मचारी 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पूर्व 29 जून को अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेमसागर मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन) एसएन कापरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा पूनम मिश्रा, उपाध्यक्षा जी. राजी श्रीनिवासन, संगीता कापरी, अनीथा फ्रेंकलिन, निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन के पुत्र विग्नेश श्रीनिवासन एवं वैशाख श्रीनिवासन आदि की मौजूदगी में भावभीनी विदाई दी गई।

कार्यक्रम में निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन ने कार्य के दौरान सफलता के लिए कर्तव्यपरायणता एवं समयबद्धता को आवश्यक मूलमंत्र बताया। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेमसागर मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन) एस.एन. कापरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) फ्रेंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, श्रद्धा महिला मण्डल की उपाध्यक्षा श्रीमती जी. राजी श्रीनिवासन, विग्नेश श्रीनिवासन, सुजीत कुमार सिंह, गोपाल नारायण सिंह, वीएम मनोहर, के. पाण्डेय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सीडीएन सिंह, आनंद बक्षी, वरूण शर्मा, सी. अनुराधा, डा. सनीश चन्द्र ने आदि मौजूद थे।




### कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई




एसईसीएल मुख्यालय से 30 जून को सेवानिवृत होने वाले 15 कर्मियों को शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डा. प्रेम सागर मिश्रा ने निदेशक तकनीकी (संचालन) एस.एन. कापरी, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) फ्रेंकलिन जयकुमार आदि की उपस्थिति में अरूण कुमार नाथ, मुख्य प्रबंधक (खनन) सुरक्षा एवं बचाव विभाग इन्द्रजीत सिंह ढिल्लन, वरिष्ठ प्रबंधक यूजी विभाग रतन लाल प्रसाद, अधिशासी अभियंता सिविल विभाग देबाशीष सिन्हा, लेखापाल ए-1 वित्त विभाग शान्तनु मुखोपाध्याय, कार्यालय अधीक्षक ए-1 सतर्कता विभाग एस. रमेश, सीनियर डीईओ वित्त विभाग नमिता दीक्षित, लेखापाल वित्त विभाग संगीता राय, कार्यालय अधीक्षक ए-1 सामग्री प्रबंधन विभाग वहीदा मुस्ताक, कार्यालय अधीक्षक अधिकारी स्थापना विभाग शेख शमीम बानो, विजया सेनगुप्ता, जयप्रकाश बाजपेयी, अजय कुमार महाजन, राधेश्याम साहू, बुधराम कुक की सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई।

### गुणवत्ता और सुंदरता युक्त आवास का निर्माण

## चीफ जस्टिस ने किया कर्मचारी आवासीय कालोनी का लोकार्पण

- साजा और बेमेतरा में भारतीय उप डाकघर का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग हाईकोर्ट बिलासपुर के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा, न्यायाधीश व पोर्टफोलियो जस्टिस जिला बेमेतरा ने वर्चुअल माध्यम से बेमेतरा में न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय कालोनी सिंघौरी व तहसील साजा एवं बेमेतरा जिला न्यायालय परिसर में भारतीय उप डाकघर का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने प्रशासन को कर्मचारियों के लिए सुन्दर, गुणवत्ता वाले आवास बनाए जाने पर बधाई दी । साथ ही कर्मचारियों को यह संदेश दिया गया कि उन्हें जैसे स्वच्छता व गुणवत्ता वाले आवास प्रदान किए गए हैं, उसकी स्वच्छ व गुणवत्ता को बनाए रखेंगे जिससे वे और उनका परिवार स्वस्थ्य और खुश रह सके।

न्यायाधिपति ने वन विभाग और जिला प्रशासन को कहा कि आवास के आस-पास पर्यावरण संरक्षण के लिए कॉलोनी में रिक्त भूमि में अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण का कार्यक्रम कराएं। जिससे हमारे आस-पास का वातावरण हराभरा व सकारात्मकता से भरपूर रहे।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रणीश चौबे सहित न्यायाधीश, अधिवक्ता, अपर कलेक्टर विभागीय अधिकारी, एसडीएम, मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग, न्यायालय के कर्मचारी व नागरिक उपस्थित थे। बेमेतरा के सिंघौरी में न्यायिक कर्मचारी कालोनी में चार ब्लॉक में 22 फैमिली के लिए क्वार्टर बनवाया गया है। जिला न्यायालय परिसर के नवीन भारतीय उप डाकघर में प्रधान जिला न्यायाधीश बृजेन्द्र कुमार शास्त्री द्वारा सर्वप्रथम खाता खुलवाया गया ।

### फेसबुक लाइव में नागरिकों से किया संवाद

## शिक्षा-स्वास्थ्य सामाजिक व्यवस्था की बुनियादी जरुरत: अमर

- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिणाम आने वाले वर्षों में दिखाई देंगे




**बिलासपुर।** शिक्षा और स्वास्थ्य सामाजिक व्यवस्था की बुनियादी जरूरत है। देश और राज्य की तरक्की में सभी को शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य अवसंरचना का विशेष महत्व होता है। हमारी संस्कृति परिवेश और नागरिकों की जरूरत के अनुसार शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था करना सरकार की जिम्मेदारी होती है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत की। कालांतर में राइट टू एजुकेशन कानून से सभी को शिक्षा अवसर मिल सका। मोदी के कार्यकाल में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणाम आने वाले वर्षों में दिखाई देंगे।

ये बातें शिक्षा और स्वास्थ्य पर संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कही। डिजिटल तकनीक पर आधारित फेसबुक लाइव के जरिए नागरिकों से सीधे सवांद कर श्री अग्रवाल चर्चा, सुझाव और रिफार्म के लिए पहल करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया बिलासपुर में सर्व सुविधायुक्त मल्टी स्पेशलिटी सुपर हॉस्पिटल निर्माणाधीन है, राज्य स्तरीय कैंसर चिकित्सा अनुसंधान केंद्र से बिलासपुर एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। भाजपा सरकार के कार्यकाल में डॉक्टरों और टेक्निकल की कमी पर फोकस किया गया। महतारी एक्सप्रेस से संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिला। मातृ मृत्यु दर और नवजात बच्चों की होने वाली मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आई। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत के माध्यम से गरीबों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच सकी है। लोगों की आवश्यकता के अनुरूप रिफॉर्म्स के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि सार्वभौमिक शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान, नवाचार, व्यापकता के साथ नीति निर्माण एवं क्रियान्वयन वैश्वीकरण के प्रतिस्पर्धी दौर में जरूरी है। देश में आईआईटी और आईआईएम की हर राज्य में शुरुआत की जा रही है। छत्तीसगढ़ में भी आईआईटी और एम्स की सुविधा मिल सकी। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्व स्तरीय गुणवत्तापूर्ण पाठ्यक्रम का संचालन विभिन्न विश्वविद्यालय में किया जा रहा है, जिससे उद्योग और सेवा क्षेत्र में युवाओं के भागीदारी बढ़ी है। विदेशों में भारतीय युवा भी देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान दे रहे हैं।

### एजुकेशन प्लस

## प्रयास पब्लिक स्कूल में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर में संचालित प्रयास पब्लिक स्कूल में प्लेग्रुप से लेकर 12वीं कक्षा तक के लिए प्रवेश प्रारंभ है। संस्था के डायरेक्टर डा. सचिन यादव ने बताया कि स्कूल में सीबीएसई पाठ्यक्रम है। यहां छात्रों का बहुमुखी विकास हो ऐसा माहौल दिया जाता है। सभी क्लास पूर्णतः वातानुकूलित है। छात्रों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा के लिए स्कूल के साथ-साथ कोचिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। श्री यादव ने बताया कि यहां साइंस, कॉमर्स व आर्ट संकाय संचालित होता है। नेशनल एकेडेमिक एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त इस स्कूल का परिणाम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शानदार आया है। उन्होंने बताया कि आज प्रयास पब्लिक स्कूल में बड़े ही धूम-धाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के छात्र -छात्राएं शामिल हुए। उपप्राचार्या शांति द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन दिया गया। शिक्षिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बच्चों को तिलक लगाकर उनका शाला प्रवेश कराया। सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष छात्रों का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। 7 छात्र अभिषेक सोनी, राजेंद्र तिवारी, तुषार गोयल, अनुष्का यादव, हर्ष लकड़ा, प्रीति गुप्ता, मुस्कान अग्रवाल ने नीट की परीक्षा में 650 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। जेईई एडवांस में अक्षय मिंज, शिवम तिवारी, शुभम चौहान, प्रतिभा नायडू, पुष्पलता रात्रे कुल 5 छात्रों ने सफलता हासिल की। बोर्ड परीक्षा के 12वीं में दुर्गेश नायक गणित में 98%, श्रेया मिंज 93%, साक्षी सोनवानी 92% वहीं 10वीं में हर्ष यादव 95%, सुजल वर्मा 94%, आर्यन कुर्रे 92%, चंचल साहू 90% गणित साइंस व सोशल साइंस में शानदार प्रदर्शन किया। 27 छात्रों ने 80% से ज़्यादा अंक अर्जित किया। वहीं वीसू कुर्रे ने केमेस्ट्री में 99%, मेथ्स में 94% अंक, पलक मिश्रा 96% एडमिशन के लिए छात्रों व अभिभावकों की पहली पसंद बनी हुई है।

शाला प्रवेश

## मीनाक्षी को मिले 94.66 प्रतिशत अंक



**तखतपुर।** नव जागृति स्कूल तखतपुर की छात्रा मीनाक्षी कश्यप पिता भीखम लाल कश्यप ने 10वीं बोर्ड परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन में 94.66% अंक प्राप्त कर तखतपुर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है । प्राचार्य एसपी सेमुएल, प्रभारी समित सेमुएल एवं समस्त शिक्षकों उन्हें प्रोत्साहित किया है।

## जिले में दूसरे स्थान पर रहे छात्र मारुति नंदन



**लोरमी।** सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत छात्र ग्राम सुकली निवासी मारुति नंदन सिंह राजपूत ने हाईस्कूल परीक्षा कक्षा 10वीं में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने परीक्षा में पहले 562 अंक प्राप्त किए थे। अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं होने पर पुनर्मूल्यांकन के पश्चात उनका 17 अंक बढ़कर अब 96.5% प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उनके पिता रामनारायण सिंह राजपूत व मां शिक्षक हैं।

## औषधि विक्रेता संघ के मिंटू अध्यक्ष बने



**लोरमी।** जिला औषधि विक्रेता संघ की उपस्थिति में औषधि विक्रेता संघ का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद हेतू मिंटू छाबड़ा को निर्वाचित घोषित किया गया। सचिव पद पर मुकेश कश्यप, कोषाध्यक्ष पद पर अवधेश राजपूत निर्वाचित हुए। नवनियुक्त अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा ने कहा कि संघ द्वारा महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गईं है। उसका वे ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर राजेंद्र तिवारी, राजेंद्र साहू, रवि शर्मा, अशोक जायसवाल, राजेश साहू, जितेंद्र साहू, इंद्रमणी सिंह राजपूत, अश्वनी अग्रवाल, सुरेश शर्मा, गोपाल अग्रवाल, रमेश राजपूत उपस्थित थे।

## बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**भर्रीडांड़।** बाइक चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पकड़ने में मरवाही पुलिस को कामयाबी हासिल हुई है। क्षेत्र में बीते समय से लगातार बाइक चोरी की शिकायत सामने आ रही थी जिसको संज्ञान लेते हुए एसपी भावना गुप्ता ने मरवाही पुलिस और साइबर सेल की टीम बनाकर बाइक चोर गिरोह को पकड़ने को आदेश किया था। मामले में मरवाही पुलिस ने बाइक चोर सरगना अमोल सिंह और बेनसाय को मनेन्द्रगढ़ से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में चोर गिरोह ने मरवाही पुलिस को बताया कि बाइक चोर भीड़ वाली जगह और सप्ताहिक बजार में मास्टर चाबी की सहायता से चोरी की घटना को अंजाम देते थे। दोनों बाइक चोरों से 10 बाइक बरामद कर गिरफ्तार किया गया है।

## जमीन बढ़ाने की बात पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** जमीन बढ़ाने की बात को लेकर युवक से गाली गालौज कर मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार बेलसरी निवासी परमेश्वर बंजारे 29 जून की सुबह 6 बजे घुरूवा में कचड़ा फेंकने गया हुआ था तो देखा कि आरोपी मनोज बंजारे उसके घुरूवा के तरफ खम्भा गाड़कर जमीन बढ़ा रहा था और जब उसने मना किया तो आरोपी मनोज बंजारे और किशन बंजारे ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी । रिपोर्ट पर धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

### बिना नाली बनाए ठेकेदार ने बना दी करोड़ों की सड़क

# नाली नहीं बनने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

**खास बातें**

- जलभराव की समस्या से परेशान हो रहे नगरवासी
- तकनीकी पहलुओं को किया गया दरकिनार

विगत वर्ष विधानसभा चुनाव के पूर्व बिलासपुर मुंगेली मुख्यमार्ग पर उसलापुर से सकरी पेंड्रीडीह बाईपास चौक तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य दो भागो में किया गया, लेकिन सड़क के किनारे ठेकेदार ने नाली नहीं बनवाई। इसका खा मि या जा अब स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अब लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी और बारिश का पानी का पानी सड़क पर बह रहा है। स्कूल के बाहर पानी भरने से बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार अधिकारियों ने जब इस सड़क निर्माण का प्राक्कलन तैयार किया तब उस समय सड़क किनारे नाली निर्माण के संबंध में कोई प्रावधान ही नहीं किया गया। अब जब सड़क का चौड़ीकरण हो गया बस्ती से निकलने वाला गंदा पानी एवं शुरुआती बरसाती पानी से ही सड़क सहित आस पास के कन्या विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय,नवीन महाविद्यालय परिसर में भर गया है। अब विद्यालयीन छात्र - छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को गंदे पानी जलभराव के प्रकोप से दो चार होना पड़ रहा है वही मध्यान्ह भोजन भी बच्चे इसी परिसर में करते हैं।

सड़क चौड़ीकरण के बाद बाईपास चौक से लेकर ईश्वरी साइकल स्टोर तक सड़क के किनारे नाली का निर्माण चल रहा है वही अधिकारी अब ईश्वरी साइकल स्टोर से गोकने नाला तक विधायक धर्मजीत सिंह की अनुशंसा पर स्वीकृति की प्रत्याशा में 8 करोड़ के नाली निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। ऐसे में सवाल ये उठता है की अधिकारियों को राशि एवं कार्य स्वीकृति के पश्चात सड़क निर्माण कराना था वैसे भी रहवासी इलाके में बिना नाली निर्माण के सड़क नहीं बनाई जाती है किन परिस्थितियों में बिना नाली निर्माण पूर्ण किए सड़क का चौड़ीकरण कर दिया गया ये बात लोगो के समझ से परे है।



सड़क पर बह रहा नाली का गंदा पानी।

### नाली नहीं होने से बह जाएगी सड़क

बिना नाली निर्माण के सड़क बना देने से बरसाती और नगर के निस्तरी का पानी सड़क पर बहेगा डामर की पतली सी चादर जैसी सड़क एक बरसात तक झेल पाए तो ये एक चमत्कार से कम न होगा। शासकीय राशि का अधिकारियों द्वारा इस तरह दुरुपयोग पर शासन को लगाम लगाने की आवश्यकता है। पूर्व पार्षद प्रतिनिधि सकरी अमर गुप्ता ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार एवं निगम अधिकारियों की मनमानी चली है। जमीनी लेबल को अनदेखा किया गया है जिसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

कुछ दूर तक नाली का निर्माण किया जा चुका है। बाकी के लिए 8 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है । जहा स्कूल के पास जलभराव की स्थिति है वहा जेसीबी से कच्ची नाली बनाकर हम व्यवस्था को दुरुस्त कर लेंगे।

-**रंजना अग्रवाल**, जोन कमिश्नर सकरी।

### कच्ची नाली से होगी निकासी

सड़क निर्माण के दौरान पुरानी नाली ठेकेदार के वाहन से टूट गया है। कच्ची नाली बनाकर स्कूल परिसर के पानी की निकासी करा ली जाएगी।

-**दिलीप कोरी**, पार्षद वार्ड क्रमांक 2 सकरी।

## सिटी बस प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन



**तखतपुर।** पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने सिटी बस प्रबंधक को संपर्क कर महाराणा प्रताप चौक तक बस आने वाली बस को तहसील चौक तक लाने का निवेदन किया। कोमल ने कहा कि तहसील चौक पर सभी सरकारी कार्यालय हैं। दूर दराज से आए हुए लोग तहसील चौक के पास ही पहुंचते हैं।

सरकारी कार्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारी तहसील चौक से पैदल महाराणा प्रताप चौक जाते हैं। तखतपुर में ऑटो नहीं चलने के कारण कर्मचारियों को पैदल ही जाना पड़ता है। आने वाले समय बरसात है इसे भी ध्यान में रखते हुए निवेदन किया गया है जिसमें सभी कर्मचारियों को समय पर ऑफिस पहुंचना हो जाएगा और समय पर अपना घर पहुंच पाएंगे। तहसील चौक तक सिटी बस आने से नगर में लोगों को सुविधा मिलेगी। इस के साथ सिटी बस प्रबंधक कोनी को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर भोला ठाकुर रितु दुबे रोशन ठाकुर सोंटी शर्मा सुरेखा बंजारे सूरज ठाकुर श्रीकांत शर्मा मनीष ठाकुर पार्वती कश्यप प्रकाश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बच्चों को लगन के साथ पढ़ाई करने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर पालिका शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, संदीप कश्यप, प्रवीण सोनी, बद्री खांडेकर, जितेंद्र दावडा, मोहित बंजारा तथा विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार सोनी उपस्थित रहे।

अतिथि उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह ने अपने उद्बोधन में शाला प्रवेश उत्सव में नवनिहाल बच्चों को शाला प्रवेश उत्सव की शुभकामना प्रेषित करते हुए नव प्रवेषित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत तथा पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को मन लगाकर पढाई करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार सोनी ने नवप्रवेशित बच्चों को जीवन में हर छोटी आदतों से भविष्य में छात्र जीवन को कैसे आयाम प्रदान किया जाता है। इस पर प्रकाश डाला और विद्यालय की ओर से 10वीं एवं 12वी की परीक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मान किया गया। अंत में मंच संचालक शिक्षक किशन लाल देवांगन ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षिक लता ठाकुर, प्रीति परिहार, प्रियंका पैकरा, रत्ना सोनवानी, चांदनी केशरवानी, इंद्राणी यादव, राधेश्याम राय, प्रकाशचंद नेताम, बलदेव ध्रुव, मनोज कुमार राठौर, खुबचंद बघेल, मोनू बेलदार और छात्र उपस्थित रहे।



नगर पालिका स्कूल में अतिथि।

## टाइगर की उपस्थिति से होती है बेहतर फारेस्ट की पहचान



**लोरमी।** अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की सुरक्षा व संरक्षण कर उनकी संख्या में वृद्धि करने तथा नए बाघों के री-इंट्रोडक्शन एवं उनके सतत मॉनिटरिंग के संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल की मंशा अनुसार कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में व्याख्यान व मार्गदर्शन के लिए अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में आईएफएस सेवानिवृत आर श्रीनिवास मूर्ति ने अपने अनुभव साझा किए।

श्री मूर्ति ने बताया कि जिस प्रकार एक स्वस्थ व्यक्ति की पहचान उनके शरीर के तापमान से हो जाती है उसी प्रकार एक बेहतर फॉरेस्ट की पहचान वहा टाइगर की उपस्थिति से की जा सकती है, इसीलिए टाइगर को की-स्टोन स्पेसिस कहा जाता है। यह प्राथमिक आवश्यकता है कि यहां निवासरत जनसमुदाय को इस दिशा में प्रेरित करने, हर एस्पेक्ट में उनका विश्वास जीतने एवं आवश्यकता अनुरूप जागरूक करने निर्णायक कदम उठाया जाए। कार्यशाला में वन विभाग के एपीसीसीएफ वाइल्डलाइफ प्रेम कुमार ने टाइगर के संरक्षण और री-इंट्रोडक्शन के लिए सभी अधिकारी कर्मचारियों को समझाइश दी। इस दौरान फिल्ड डायरेक्टर मनोज पांडे, डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश, सहायक संचालक, परिक्षेत्र अधिकारी कर व बफर तथा सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिस पर चलती हर पीढ़ी है: लहरिया



**मस्तूरी।** स्कूल शिक्षा विभाग विकास खंड मस्तूरी द्वारा सेजेस विद्यालय में विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव और न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विधायक दिलीप लहरिया, विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य धर्मेंद्र कोशले, जनपद पंचायत सभापति दामोदर कांत, पिंटू जांगड़े, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय अंचल, संतोष मिश्रा, अमृत राठौर, प्राचार्य सेजेस जेपी ओझा, प्राचार्य कन्याशाला व्ही आर सैम्युल, प्राचार्य बालक गीता रानी हालदार, प्राचार्य हिर्री यूके पंकज थे।

बीईओ शिवराम टंडन ने स्वागत भाषण एवं प्रतिवेदन वाचन किया। इस दौरान सेवानिवृत 7 शिक्षकों एवं कक्षा दसवीं, बारहवीं में उत्कृष्ट प्राप्तांक वाली छात्राओं को उपहार देकर प्रोत्साहित और सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि शिक्षा ऐसी सीढ़ी है जिससे चलती हर पीढ़ी है। कार्यक्रम का संचालन शैक्षिक समन्वयक प्रमोद कुमार पाण्डेय एवं आभार प्रदर्शन सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी रुद्रेश्वर प्रसाद एक्का ने किया। इस अवसर पर एबीईओ रुद्रेश्वर प्रसाद एक्का, एपीओ साक्षर भारत राजेश सिह क्षत्री, बीपी डहरे, पाटनवार, चंद्रशेखर नोरके, सुरेश चेलकर, सुचित्र चंदेल, नवल चंदेल, सूरज क्षत्री, बसंत जायसवाल, अरुण जायसवाल, मन्नू सिह कुर्रे, बलराम जोगी,प्रमोद कीर्ति, जगमोहन कोशले आदि मौजूद थे।

### कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने एसपी ने जारी किया आदेश

# 2 टीआई, 7 एसआई समेत 29 पुलिस कर्मी हुए इधर से उधर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में 29 पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर हुआ है। इनमे 2 टीआई, 7 एसआई, 4 एएसआई और 15 प्रधान आरक्षक और आरक्षक का नाम शामिल है। निरीक्षक हरविंदर सिंह को रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना प्रभारी सरगांव बनाया गया है। उप निरीक्षक संतोष कुमार शर्मा को थाना प्रभारी पथरिया से थाना प्रभारी जरहागांव बनाया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल ने 29 पुलिसकर्मियों को ट्रांसफर किया है। इनमे 2 टीआई, 7 एसआई, 4 एएसआई और 15 प्रधान आरक्षक और आरक्षक का नाम शामिल है। निरीक्षक रघुवीर सिंह चंद्रा को रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना प्रभारी पथरिया पदस्थ किया गया है। निरीक्षक हरविंदर सिंह को रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना प्रभारी सरगांव, उप निरीक्षक संतोष कुमार शर्मा को थाना प्रभारी पथरिया से थाना प्रभारी जरहागांव, उप निरीक्षक हरिश कुमार साहू को थाना प्रभारी जरहागांव से थाना प्रभारी चिल्फी, उप निरीक्षक सत्येन्द्रपुरी गोस्वामी को थाना प्रभारी चिल्फी से चौकी प्रभारी खुड़िया, उप निरीक्षक नंदलाल पैकरा को रक्षित केन्द्र मुंगेली से चौकी प्रभारी साकेत, उप निरीक्षक अमित गुप्ता को थाना प्रभारी सरगांव से थाना प्रभारी अजाक, उप निरीक्षक शोभा यादव को थाना लोरमी से थाना सिटी कोतवाली मुंगेली एवं अतिरिक्त प्रभार परिवार परामर्श केन्द्र, उप निरीक्षक गणपति राय को रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना लोरमी, सउनि रामकुमारी यादव को थाना सिटी कोतवाली मुंगेली से थाना लोरमी, सउनि शत्रुहन खुंटे को चौकी प्रभारी साकेत से थाना सिटी कोतवाली मुंगेली, सउनि विजय बंजारा को रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना फास्टरपुर, सउनि कृष्णपाल जायसवाल को चौकी खुड़यिा से थाना सिटी कोतवाली मुंगेली, प्रआर महेश राज को थाना चिल्फी से थाना जरहागांव, प्रआर अंग्लेश्वर बंजारा को रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना अजाक, प्रआर संजय यादव को थाना जरहागांव से रीडर एसडीओपी मुंगेली, आर. दिपकेश कुमार दीक्षित को थाना सिटी कोतवाली मुंगेली से फिंगर प्रिंट शाखा, आर. भंवर लाल ध्रुव को थाना चिल्फी से थाना सरगांव, आर. गौरीशंकर ध्रुव को रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना लालपुर, आर. संजय यादव को थाना पथरिया से थाना सिटी कोतवाली मुंगेली, आर. प्रकाश चन्द्रवंशी को रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना फास्टरपुर, आर. मनीष प्रधान को रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना चिल्फी, आर. सत्यम सिंह राजपूत को यातायात शाखा से थाना जरहागांव, आर. गौकरण सिन्हा को रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना सरगांव, आर. संदीप रात्रे को रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना सिटी कोतवाली मुंगेली, आर. रविन्द्र पाण्डेय को रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना लालपुर, आर. राकेश सिंह को रक्षित केन्द्र मुंगेली से थाना जरहागांव, आर. विकास कुमार साहू को थाना फास्टरपुर से थाना पथरिया एवं आर. नोहर डड़सेना को चौकी डिण्डौरी से थाना सिटी कोतवाली मुंगेली पदस्थ किया गया है।





## वनभूमि पर अतिक्रमण एक्शन में एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



**खास बात**

- बुलाई ग्रामीणों के साथ वनविभाग के अधिकारियों की बैठक

खबर का असर

ग्राम अखरार के ग्रामीणों ने खुड़िया वनपरिक्षेत्र अंतर्गत कंसारी के संरक्षित वनक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1523 में हुए 42 अतिक्रमणकारियों के द्वारा अवैध बेजा के खिलाफ जिला कलेक्टर के नाम से ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले को हरिभूमि ने प्रकाशित कर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया था।

29 जून को एसडीएम गिरधारी लाल यादव ने ज्ञापन मामले में सज्ञान लेकर 1 जुलाई को विभागीय कार्यालय में प्रार्थियों के साथ वनविभाग के डीएफओ एवं एसडीओ सहित आला विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर समस्या के निराकरण के लिए उचित कदम उठाएंगे। एसडीएम गिरधारी लाल यादव ने बताया कि सोमवार को अनुविभागीय राजस्व कार्यालय में वनविभाग एव प्राथी ग्रामीणों के साथ एक बैठक रखी गई है। फारेस्ट एसडीओ हंसदास सूर्यवंशी ने कहा कि सोमवार को एसडीएम कार्यालय में ग्रामीणों के साथ बैठक है। उन्होंने आश्वस्त किया कि संरक्षित भूमि से बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई जल्द की जाएगी। आगे उक्त भूमि में बेजा कब्जा नहीं हो इसके लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे।

## डिप्टी सीएम साव से मिले नपा अध्यक्ष



**पेंड्रा।** नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर शहर में विकास कार्यों के साथ पेण्ड्रा में रेस्ट हाउस बनाने की मांग रखी। इस दौरान पार्षद राकेश चतुर्वेदी एवं मनीष श्रीवास भी मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष जालान ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के बारे में बताया। जालान ने उप मुख्यमंत्री को बताया कि पेण्ड्रा में बाइपास की आवश्यकता बहुत ज्यादा है। बाइपास न होने की वजह आए दिन दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। अध्यक्ष ने इंद्रा गार्डन के उन्नयन हेतु मांग रखी। अध्यक्ष राकेश जालान ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि पेण्ड्रा, गौरेला नगर पालिका बनने के बाद भी अस्तित्व में नहीं आया है और परिसीमन होना है जिससे कि वार्डों की संख्या जस की तस रह जाएगी, जिस पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भरोसा दिलाया कि एक सप्ताह के भीतर नगर पालिका का दर्जा गौरेला पेण्ड्रा को मिल जाएगा, जिस पर अध्यक्ष राकेश जालान ने उपमुख्यमंत्री का आभार जताया।

## सीएम साय से मिली रत्नावली



**मुंगेली।** भाजपा नेत्री एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छग शासन पूर्व सदस्य रत्नावली कौशल ने छत्तीसगढ़ को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के लिये मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। वे सतनामी समाज के गुरु बाल दास, गुरु प्रवीण माताजी, विधायक गुरु खुशवंत, सोमेश गुरु, सौरब साहेब के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात करने मुख्यमंत्री निवास रायपुर पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ को विशेष राज्य का दर्जा और विशेष आर्थिक पैकेज क्यों मिलना चाहिए, इस मसले पर रत्नावली कौशल ने मुख्यमंत्री श्री साय से चर्चा की। रत्नावली कौशल ने कहा कि विशेष राज्य का दर्जा और विशेष आर्थिक पैकेज मिलने से अनुसूचित जनजाति जाति और अनुसूचित जाति बहुल जिलों एवं क्षेत्रों का समुचित विकास हो सकेगा, इन वर्गों के लोगों के सर्वागीण विकास के लिए योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सकेगा।

## सड़क पर बने गड्ढों को भरा जा रहा



**तखतपुर।** मुंगेली से बिलासपुर मेन रोड पर नगर पंचायत बरेला में मनियारी पुल के पास लम्बे समय से रोड खराब एवं गड्ढे होने के कारण आए दिन दुर्घटना हो रही थी। बरेला की ओर आने जाने वालों को काफ़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता था। इसे ध्यान में रखते हुए अब गड्ढे को भरवाया जा रहा है। रोड और पुल बनने का आश्वासन विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं डिप्टी सीएम अरूण साव ने बरेला भाजपा के पदाधिकारियों को दिया था। आने वाले समय में बहुत जल्द बरेला के समीप तखतपुर से लगा हुआ पुल और रोड निर्माण कार्य कराया जाएगा।

## ढाई किलो गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**पथरिया।** स्थानीय पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मूलचंद्र चेलकर पिता पुनदास निवासी गांधीर्वाडीह के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2.7 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक मोटरसायकल क्रमांक सीजी 28ई 4492 में अवैध गांजा बिक्री करने लेकर ग्राम गांधीर्वाडीह की ओर से ग्राम बरछा की तरफ जा रहा है सूचना पर पथरिया थाना प्रभारी एसके शर्मा अपने पुलिस टीम के साथ ग्राम बरछा गांधीर्वाडीह के बीच रास्ते पुल के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया गया। आरोपी के पास से 2.7 मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया। जिसकी क़ीमत लगभग 13 हजार रुपए एवं एक बाइक जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीसी के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।




*Admission Open Special*

# BEST SCHOOL IN BILASPUR *City*

## नए सत्र में प्रवेश के लिए शहर के निजी स्कूलों में प्रवेश प्रारंभ

बिलासपुर। नया सत्र प्रारंभ हो गया। शहर के सरकारी स्कूलों की तरह निजी स्कूलों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। शहर के कई ऐसे स्कूल हैं जहां अपने बच्चों के शिक्षा व उनकी गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए काफी बेहतर सुविधाएं दी जा रही है। सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू कर उच्च शिक्षा के लिए बेहतर प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है। इसमें मोपका रामकृष्ण नगर स्थित एमएलजी किड्स इंग्लिश स्कूल में नर्सरी से कक्षा 8 वीं तक प्रवेश प्रारंभ है। प्राचार्य ने बताया कि यहां आने जाने के लिए बच्चों की सुविधा के लिए स्कूल बस संचालित है। इसी तरह मंगला चौक एचीवर्स पब्लिक स्कूल सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू है। यहां सत्र 24-25 के लिए प्रवेश शुरू है। इस स्कूल के मंगला चौक व गतौरी ब्रांच में प्रवेश शुरू है। इसी तरह पुष्कर कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल महामाया रोड तिफरा में कक्षा नर्सरी से 12 तक प्रवेश प्रारंभ है। यहां गणित, बॉयोलॉजी, कामर्स, आर्ट्स में प्रवेश शुरू है। वहीं जरहाभाठा के लिटिल फ्लावर हायर सेकेंडरी हिंदी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश प्रारंभ है। यहां कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक क्लास संचालित है। लोयला स्कूल राजीव विहार में नर्सरी, केजी, प्राइमरी सहित उच्च क्लास में प्रवेश प्रारंभ है। यहां साइंस, कामर्स, आर्ट्स गणित में प्रवेश ले सकते हैं। प्रोग्रेसिव कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल जरहाभाठा में नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक प्रवेश दिया जा रहा है। एमजीएम पब्लिक स्कूल, घुरु तालाब रोड, बिलासपुर में कक्षा नर्सरी से 10 वीं तक पढ़ाई के लिए अग्रणी शिक्षण संस्थान है। इन सभी स्कूलों में अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है साथ ही खेल कूद व अन्य शैक्षणिक गतिविधियां सिखाई जाती है।


















**खबर संक्षेप**

## गुप्ती लहराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** गुप्ती लहराकर अशांति फैलाने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 29 जून को सरकण्डा पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि चिंगराजपारा अमरैया चौक के पास एक युवक गुप्ती लहराकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर इमलीपारा निवासी आकाश यादव पिता दुकालू यादव 19 साल को पकड़कर गुप्ती बरामद कर लिया है। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गुप्ती जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## अपहरण कर मारपीट का फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** अपचारी बालक का अपहरण कर मारपीट करने के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा थाना के एएसआई शैलेन्द्र सिंह ने बताया, 9 जून को चिंगराजपारा में रहने वाला एक अपचारी बालक दोस्त शनि के साथ बड़े पिता को देखने अपोलो हास्पिटल जा रहा था। इसी दौरान चिंगराजपारा गणेश चौक निवासी रितेश पाण्डेय उर्फ लुटू पाण्डेय पिता विनय पाण्डेय 24 साल अपने साथियों के साथ उन्हें रोक लिया और अपचारी बालक को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर कुंदरूबाड़ी में ले जाकर जमकर मारपीट की। पुलिस ने अपचारी बालक की रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ धारा 364, 294, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया था। शनिवार को टीआई तोप सिंह नवरंग को सूचना मिली कि फरार आरोपी रितेश पाण्डेय उर्फ लुटू चिंगराजपारा में घूम रहा है। पुलिस ने मौके पर घेराबंदी करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले 10 जून को उसके दो साथी पप्पू उर्फ कुश यादव व रितेश वर्मा को गिरफ्तार किया गया था।

## तोरवा चौक पर माजदा ने गाय को कुचला

**बिलासपुर।** एक बार फिर देर रात बेलगाम स्वराज माजदा के ड्राइवर ने तेज गति से वाहन चलाते हुए सड़क पर बैठी गाय पर गाड़ी चढ़ा दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की रात 11 बजे तोरवा पावर हाउस में सड़क किनारे एक गाय बैठी हुई थी। इसी दौरान लालखदान की ओर से आ रहा स्वराज माजदा क्रमांक सीजी 10 सी, 8656 के ड्राइवर चुचुहियापारा निवासी युसूफ खान पिता अमीन खान ने तेज गति से वाहन चलाते हुए गाय पर गाड़ी चढ़ा दी। हादसे में चक्के से कुचलकर गाय की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों ने गाड़ी सहित ड्राइवर को पकड़ लिया। पुलिस ने चंद्रमणी महंत की रिपोर्ट पर गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

## पेट्रोलपंप संचालक से मारपीट

**बिलासपुर।** आपसी विवाद में युवक ने पेट्रोलपंप संचालक से मारपीट की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली टीआई एसआर साहू ने बताया, टिकरापारा निवासी भोला यादव हिर्री क्षेत्र में जीतू अग्रवाल के पेट्रोल पंप में काम करता था। भोला यादव का जीतू अग्रवाल से विवाद था। शुक्रवार को भोला यादव ने जीतू अग्रवाल को मिलने के लिए अपने घर के पास बुलाया। वहां भोला यादव अपने साथियों के साथ उनसे मारपीट की। शिकायत पर शनिवार को पुलिस ने भोला यादव को हिरासत में ले लिया है।

**उदासीनता**

**जिले में 300 से ज्यादा ठेकेदार व बिल्डर लेकिन श्रम विभाग में मात्र 98 ही पंजीकृत**

# लेबर सेस से चलती हैं मजदूरों के लिए योजनाएं, 10 सालों से करोड़ों रुपए जमा ही नहीं, ठेकेदार पंजीयन कराने से कतरा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्रम विभाग में निर्माण एजेंसी व बिल्डर रजिस्ट्रेशन नहीं करा रहे हैं, वह इसलिए ताकि ताकि वे लेबर सेस की राशि देने से बच सकें। बिलासपुर में ही 300 से ज्यादा बिल्डर हैं, लेकिन श्रम विभाग में सिर्फ 98 लोगों का ही रजिस्ट्रेशन है। यही नहीं ठेकेदार और बिल्डर निर्माण कार्य से पहले बीओसी लाइसेंस भी नहीं ले रहे हैं।

- मजदूरों को भी आर्थिक सहायता अन्य योजनाओं का नहीं मिल रहा लाभ

अधिकारियों पंजीयन नहीं होने के कारण विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है। 10 सालों में करोड़ों रुपए की लेबर सेस की राशि जमा नहीं हुई है। इसकी वसूली के लिए श्रम विभाग की ओर से कोई खास प्रयास भी नहीं किए गए हैं। ध्यान रहे कि यह लेबर सेस की राशि असंगठित क्षेत्र के मजदूर, जिसमें ठेका मजदूर, भवन निर्माण से जुड़े मजदूरों के लिए चलने वाली योजनओं पर खर्च की जाती है।

गौरतलब है कि बिल्डरों को नक्शा पास कराने के समय व ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट देते वक्त क्रमशः तीन बार राशि की वसूली करनी होती है। यह राशि नगर निगम श्रम विभाग को देती है। अब खास बात तो यह है कि बिल्डरों की इस मनमानी पर विभाग कार्रवाई भी नहीं कर रहा है जबकि भवन एवं अन्य निर्माण कार्य के लिए कर्मकार कल्याण अधिनियम-1996 के तहत निबंधन नहीं कराने और लेबर सेस की राशि जमा नहीं करने पर कड़ी कार्रवाई करने का प्रावधान है। इसके तहत बिल्डरों को नोटिस जारी करने और गंभीरतापूर्वक जवाब नहीं देने वाले बिल्डरों के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में केस करने का भी प्रावधान है लेकिन इसके बाद भी विभाग द्वारा संबंधित बिल्डरों और निर्माण एजेंसियों के खिलाफ इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे शासन को ही करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है।




### 1 प्रतिशत राशि जमा करनी होती है

लेबर आफिसर आरके प्रधान के मुताबिक भवन निर्माण या कोई भी निर्माण कार्य से जुड़ी एजेंसी को श्रम विभाग में भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम-1996 के तहत पंजीयन कराना है। इसके तहत बिल्डर या एजेंसी को बताना है कि क्या निर्माण हो रहा है, लागत कितनी है, इसमें कितने मजदूर काम कर रहे हैं। प्रतिवर्ष इसकी रिपोर्ट जमा करनी होती है। वहीं इसके आधार पर ही कुल निर्माण लागत की 1 प्रतिशत राशि श्रमिक कल्याण बोर्ड में प्रति वर्ष जमा करनी होती है। जिले में लेकिन सरकारी विभागों में काम करने वाले ठेकेदार तो फिर भी कुछ हद तक पंजीयन कराते हुए इस राशि को जमा करते हैं लेकिन निजी ठेकेदारों के बारे में कोई जानकारी श्रम विभाग के पास नहीं होती है।

### पंचायतों में हो रहे काम का अता- पता नहीं

श्रम विभाग के आंकड़ों की माने तो पिछले साल करीब 84 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। वहीं वर्तमान में सभी कार्यों का समायोजन किया जा रहा है। इसके आलावा कई बिल्डरों को नोटिस भी जारी किया गया है। पिछले पांच सालों में 200 करोड़ रुपए का राजस्व मिला लेकिन इसे और बेहतर किया जा सकता है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मामला पहले कार्यकाल का होने की वजह से कुछ परेशानियां आ रही है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे अधिकांश काम पंचायतों के माध्यम से होते हैं। सरपंच या दूसरे जनप्रतिनिधि इसमें सीधे तौर पर शामिल रहते हैं, लेकिन बिना पंजीयन कराए सारा काम होता है, इसलिए लेबर सेस की राशि भी जमा नहीं होती।

### निधन, दिव्यांगता पर मिलती है आर्थिक मदद

ध्यान रहे कि लेबर सेस की राशि असंगठित क्षेत्र के मजदूर, जिसमें ठेका मजदूर, भवन निर्माण से जुड़े मजदूरों के लिए चलने वाली योजनओं पर खर्च की जाती है। इसके तहत मजदूरों के निधन, दिव्यांगता पर श्रम विभाग से आर्थिक मदद दी जाती है। वहीं मजदूरों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, गर्भवती मजदूर महिला को आर्थिक मदद समेत कई योजनाओं में सहायता दी जाती है लेकिन इस राशि को बचाने बिल्डर पंजीयन ही नहीं करवा रहे हैं।

### विभाग ले रहा है जानकारी

दस लाख रुपए व इससे अधिक के निर्माण पर लगने वाले लेबर सेस की वसूली के लिए श्रम विभाग काम कर रहा है। निगम से भी जानकारी ली जा रही है कि कितने ठेकेदारों ने कितने का काम किया है। नक्शे पास करवाकर नियमानुसार निर्माण करने वालों को भी सेस देना होगा।

- **आरके प्रधान**, श्रम अधिकारी

**तहसीलदार ने जारी किया था बेदखली आदेश, दलबल के साथ निगम की टीम पहुंची थी कार्रवाई करने**

# ईडब्लूएस के लिए सुरक्षित जमीन से नगर निगम ने हटाया कब्जा, बाउंड्रीवाल ढहाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अज्ञेय नगर गार्डन के पीछे तालापारा एरिया में कमजोर वर्ग के लिए सुरक्षित ईडब्लूएस की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा बेजा-कब्जा कर लिया गया था। इस मामले में उच्च न्यायालय में हुए निर्णय के अनुसार अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा बेदखली आदेश जारी किया गया, जिस पर दलबल के साथ पहुंची निगम की टीम ने आज ईडब्लूएस की जमीन से बेजा-कब्जा हटाते हुए उस पर बनाई गई बाउंड्रीवाल को ढहा दिया।

अज्ञेय नगर के ठीक पीछे तालापारा पटवारी हल्का नंबर 39 स्थित भूमि खसरा नंबर 32, 65, 101, 102, 125, 126, 127 जो कमजोर आय वर्ग ईडब्लूएस के लिए सुरक्षित भूमि है। यहां पर लगभग 1 एकड़ 5 डिस्मिल जमीन गृह निर्माण समिति द्वारा कमजोर वर्ग के लिए खाली छोड़ी गई है। कमजोर वर्ग के लिए छोड़ी गई इस भूमि पर बेजा कब्जा हो गया था। ईडब्लूएस के लिए छोड़ी जमीन के अलग-अलग प्लाट पर अलग-अलग लोगों द्वारा बेजा कब्जा किया गया था और जमीन को प्रीकास्ट की बाउंड्रीवाल से घेर लिया गया था।





अज्ञेय नगर गार्डन के पीछे तालापारा एरिया में बुलडोजर की मदद से बेजा कब्जा हटाया और बाउंड्रीवाल को ढहा दिया।

इस संबंध में गृह निर्माण समिति मर्यादित विरूद्ध छत्तीसगढ़ शासन उच्च न्यायालय में मामला लगाया गया था और मामले में उच्च न्यायालय के आदेश का परिपालन करते हुए अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा बेदखली आदेश जारी किया गया था। इस पर आज निगम की टीम दलबल के साथ तालापारा पहुंची और ईडब्लूएस के लिए सुरक्षित जमीन को बेजा कब्जा मुक्त कराते हुए जमीन पर प्रीकास्ट से बनाई गई बाऊंड्रीवाल को जेसीबी मशीन के मदद से ढहा दिया गया।

### दल-बल के साथ की कार्रवाई

अतिरिक्त तहसीलदार के न्यायालय से जारी बेदखली आदेश में 29 जून को दोपहर 12 बजे बेदखली की कार्रवाई नियत की गई थी। इसलिए नगर निगम की टीम नियत समय पर कार्रवाई करने मौके पर पहुंच गई थी। निगम टीम के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल भी शामिल था। आज कार्रवाई के दौरान अतिरिक्त तहसीलदार मुकेश देवांगन एवं नगर निगम के भवन शाखा अधिकारी सुरेश शर्मा, उप अभियंता जुगल सिंह, अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### की गई है कार्रवाई

गृह निर्माण समिति मर्यादित द्वारा तालापारा में कमजोर वर्ग के लिए छोड़ी गई सुरक्षित जमीन पर कुछ लोगों ने बेजा कब्जा कर लिया था। उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में अतिरिक्त तहसीलदार के न्यायालय से बेदखली आदेश जारी हुआ था, जिसके तहत आज कमजोर वर्ग के लिए सुरक्षित जमीन से बेजा कब्जा हटाने कार्रवाई की गई है और बाऊंड्रीवाल तोड़ा गया है।

-**सुरेश शर्मा**, भवन शाखा अधिकारी, नगर निगम

# रेलकर्मी के सूने घर में चोरों का धावा, जेवर-नकद ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दिनदहाड़े चोरों ने रेलवेकर्मी के सूने मकान में धावा बोलकर सोने चांदी के जेवर व नकद सहित डेढ़ लाख का सामान चोरी कर लिया है। चोरी की वारदात से कालोनी में हड़कंप मच गया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

- उसलापुर गिरधर कालोनी में हुई वारदात

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के उसलापुर गिरधर विहार कालोनी निवासी रेलवे कर्मी अश्वनी कुमार दर्शन ने बताया, शुक्रवार की सुबह बच्चे को स्कूल भेजकर पति पत्नी मकान के दरवाजे में ताला लगाकर ड्यूटी में चले गए। इसी दौरान सूने मकान का फायदा उठाते हुए चोर ताला तोड़कर उनके मकान के अंदर घुसे और पूरा मकान खंगाल डाला। आलमारी का लाकर तोड़कर सोने की चेन, लाकेट, चार जोड़ी पायल, 8 हजार रुपए नकद चोरी कर लिया गया है। चोरी गए जेवर की कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। दोपहर 1 बजे श्री दर्शन बच्चे को स्कूल से लेकर लंच करने घर आए तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान बिखरे पड़े थे और आलमारी खुली हुई थी। लाकर में रखे जेवर व नकद रकम चोरी हो गई थी। चोरी की वारदात से कालोनी में हड़कंप मच गया। उन्होंने डायल 112 में फोन कर चोरी की सूचना दी। उसके बाद पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने श्री दर्शन की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### सेंदरी में हुई चोरी

कोनी पुलिस के अनुसार, सेंदरी सेमरताल रोड निवासी भोला बंजारे पिता स्व. नंदकिशोर बंजारे गुरूवार की रात 8 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर ट्रैक्टर लेकर काम पर चला गया था। रात 1 बजे घर लौटा तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो चांदी का पायजेब, सोने का फर व 20 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## ओडिशा से गांजा लेकर आ रहा तस्कर स्टेशन में गिरफ्तार



**बिलासपुर।** ओडिशा से गांजा लेकर आने वाले तस्कर को जीआरपी की टीम ने प्लेटफार्म में पकड़ लिया। उसके पास से 1 लाख 20 हजार का गांजा जब्त किया गया है। जीआरपी ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को जीआरपी एंटी क्राइम टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि विशाखापट्नम से अमृतसर चलने वाली हीराकुंड एक्सप्रेस के जनरल कोच में एक व्यक्ति गांजा लेकर आ रहा है। टीम ने प्लेटफार्म नम्बर 2 में घेराबंदी की। ट्रेन के आने पर टीम ने जनरल कोच में दबिश देकर मंगला हसनपुर पलवल हरियाणा निवासी इस्लाम शेख पिता जन्नू शेख 38 साल को पकड़कर ट्रेन से उतारा। उसके थैले की तलाशी लेने पर पैकेट में गांजा मिला। जब्त गांजा की कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी ओडिशा से गांजा खरीदकर बेचने के लिए हरियाणा जा रहा था। टीम ने गांजा सहित तस्कर को कार्रवाई के लिए जीआरपी थाना को सौंप दिया। जीआरपी ने 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है।

# सिविल सर्जन सहित दर्जन भर डाक्टर रहे नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल में सुबह 9.45 मिनट तक डाक्टरों की टीम गायब थी, इस दौरान नेत्र रोग विशेषज्ञ को छोड़ बाकी डाक्टर के चेंबर खाली रहे। रोस्टर के अनुसार डाक्टरों को सुबह 9 बजे तक ओपीडी में उपस्थित होना है लेकिन डाक्टरों की मनमानी मरीजों पर भारी पड़ रही है। कलेक्टर ने कई बार निरीक्षण कर डाक्टरों पर कार्रवाई की अनुशंसा की है, लेकिन फिर भी हालत जस के तस बने हुए है।

- जिला अस्पताल में नहीं सुधर रही है व्यवस्था

जिला अस्पताल में सुबह 9 बजे से मरीजों की भीड़ लगती है, लेकिन डाक्टर अपने चेंबर से नदारद रहते है, वहीं 1 बजे के बाद डाक्टर मरीज छोड़ अस्पताल से बाहर निकल जाते है।

यह कमोबेश रोज की बात है। शनिवार को जिला अस्पताल में 9.45 मिनट तक डाक्टरों के चेंबर खाली थे, इस दौरान अस्पताल के सिविल सर्जन स्वयं अस्पताल से नदारद थे, आरएमओ और नेत्र रोड़ विशेषज्ञ मौजूद थे, वहीं दर्जन भर अन्य डाक्टर भी अस्पताल नहीं पहुंच सके थे। बताया जा रहा है कि रोस्टर के अनुसार डाक्टरों को हर हाल में 9 बजे तक ओपीडी में पहुंचना है, सुबह से ही मरीजों का आना शुरू हो जाता है और लाइन लगाकर अपनी बारी का इंतजार करते है लेकिन डाक्टर नहीं होने के कारण उन्हें कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**मरीज होते रहे परेशान** **कलेक्टर की फटकार के बाद भी डाक्टरों की मनमानी**



जिला अस्पताल में डॉक्टर के चेंबर रहे खाली, बाहर मरीजों की कतार लगी रही।

### बायोमैट्रिक से अटेंडेंस ही नहीं

अस्पताल में डाक्टरों के ड्यूटी पर आने का समय निश्चित है, सभी डाक्टरों को नियमित तौर पर बायोमैट्रिक से अटेंडेंस देना होता है। एक्का-दुक्का डाक्टरों को छोड़ बाकी डाक्टर अटेंडेंस लगाने को लेकर कोताही बरतते हैं। कुछ डाक्टर सुबह अटेंडेंस कर शाम को अटेंडेंस पूर्ण करना भूल जाते हैं। पिछले एक माह का रिकार्ड खंगालने में डाक्टरों की हरकत सामने आ सकती है लेकिन प्रबंधन और प्रशासन दोनों डाक्टरों की मनमानी के आगे नतमस्तक हो चुका है। खास बात यह है कि यहां सालों से डाक्टर जमे हुए है, ऐसे में सिनियर डाक्टर अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। सिविल सर्जन भी प्रशासनिक कार्यों से अस्पताल से बाहर रहते है। इस बारे में सिविल सर्जन ने कुछ भी कहने से मना कर दिया है।

### कट चुका है वेतन

कुछ माह पहले कलेक्टर के निरीक्षण के बाद ड्यूटी से नदारद डाक्टरों का वेतन काट दिया गया था, इससे भी डाक्टरों को फर्क नहीं पड़ा है। उलटा सिविल सर्जन पर वेतन काटने को लेकर दबाव बनाया गया था और इसे वापस करने डाक्टरों का दल पत्राचार में लगा हुआ था जबकि वेतन काटने की अनुशंसा कलेक्टर अवनीश शरण द्वारा की गई थी।

### सुधारी जाएगी व्यवस्था

मुझे जानकारी नहीं है, इस संबंध में सिविल सर्जन से चर्चा की जाएगी। डाक्टरों के ड्यूटी टाइमिंग की व्यवस्था सुधारी जाएगी।

-**डॉ जेपी आर्य**, प्रभारी जेडी, स्वास्थ्य विभाग

## छात्रों ने की रजिस्ट्रेशन तिथि बढ़ाने की मांग

**बिलासपुर।** कालेजों में फर्स्ट ईयर में प्रवेश के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ाने की मांग उठने लगी है। शनिवार को एनएसयूआई के छात्रों ने अटल यूनिवर्सिटी पहुंचकर इस संबंध में रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे को ज्ञापन सौंपा है। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में पहले शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार 14 अगस्त तक आनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की सुविधा छात्र-छात्राओं को मिलती आ रही थी, लेकिन अब यूनिवर्सिटी द्वारा आनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए 31 जुलाई तक का अंतिम तिथि का आदेश निकाला गया है। एनएसयूआई के देवाशीष सिंह, गौरव सिंह, शान सिंह, रिहान आदि छात्रों ने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार से मिलकर ज्ञापन सौंपा है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# डीपी कालेज प्रबंधन ने एयू के कुलपति के खिलाफ खोला मोर्चा

**बिलासपुर।** डीपी विप्र कालेज प्रबंधन ने अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कालेज प्रबंधन ने स्वयं को आटोनामस का दर्जा प्राप्त होने के मामले में कुलपति पर आपत्तिजनक व्यवहार एवं अनुशासनहीनता का आरोप लगाया है।

डीपी विप्र कालेज प्रबंधन की ओर से शनिवार को कालेज में प्रेसवार्ता रखी गई थी, जिसमें कालेज प्रशासन समिति के वरिष्ठ सदस्य राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि डीपी विप्र कालेज ने यूजीसी के समक्ष स्वायत्ता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था, जिस पर यूजीसी ने 19 जनवरी 2024 को शैक्षणिक सत्र 2024-25 से 2033-34 तक के लिए स्वायत्त घोषित किया गया है। यह छत्तीसगढ़ का पहला निजी कालेज है, जिसे स्वायत्त घोषित किया गया है, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के कुलपति का इसमें उपेक्षा, विरोध तथा कालेज के उन्नयन में रोड़े डालकर बाधा बनने का प्रयास सामने आ रहा है। श्री अग्रवाल का कहना है कि यह कुलपति का आपत्तिजनक एवं निजी स्वार्थ से प्रेरित कदम है और कुलपति द्वारा कालेज के स्वायत्त शासी को रोकने के लिए नियमों के विरूद्ध अनुशासनहीन कदम उठाए गए है। उच्चतम संस्था का निर्णय अंतिम है जिस पर उनके अधीन होते हुए भी आदेश का पालन न कर उस पर आपत्ति जताना तथा अवहेलना करने जैसा कृत्य किया गया है जो अनुशासनहीनता के श्रेणी में आता है। श्री अग्रवाल का कहना है कि इसके लिए यूजीसी यूनिवर्सिटी का अनुदान बंद कर सकता है। कुलपति श्री वाजपेयी द्वारा नवीन शिक्षा नीति, छत्तीसगढ़ शासन एवं यूजीसी के आदेशों का विरोध कर छात्रों को उक्त शिक्षा नीति से विमुख रखने का षडयंत्र है।

### कालेज को नैक से ए-ग्रेड प्राप्तः प्राचार्य

इस अवसर पर डीपी विप्र कालेज की प्राचार्य श्रीमती डॉ. अंजू शुक्ला का कहना है कि डीपी विप्र कालेज को दो बार नैक से ए-ग्रेड मिला है। आटोनामस कालेज का दर्जा के लिए एकमात्र मापदण्ड नैक से ए-ग्रेड है और यूजीसी से आटोनामस का दर्जा मिल गया है। यहां तक शासन के उच्च शिक्षा विभाग समस्त प्रपत्रों एवं तथ्यों की जांच परख कर शासकीय प्रतिनिधि का मनोनयन किया है और वाणिज्य शासकीय योगानंदम छत्तीसगढ़ कालेज रायपुर के प्राध्यापक डॉ. तपेशन्द्र गुप्ता को डीपी कालेज स्वशासी प्रशासन समिति के लिए अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है।

